● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 128, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 14 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



सरकारी नियंत्रण से मुक्त हों मंदिर: देवकीनंदन 5

हरभजन सिंह ने भारत की नम्बर 3 की समस्या सुलझाई 6

## इस्राइल ने ईरान के सैन्य-परमाणु ठिकानों पर किया हमला

**तेहरान।** इस्राइल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु ठिकानों और सैन्य स्थलों पर प्री-एम्पटिव (पहले से की गई सुरक्षा) कार्रवाई करते हुए हमला किया। इस हमले के बाद तेहरान में जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं। ईरान के सरकारी टीवी ने बताया कि उनकी एयर डिफेंस पूरी तरह सक्रिय है। मामले में इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने कहा कि हमले के बाद ईरान से मिसाइल और ड्रोन हमले की आशंका है, इसलिए देश में आपात स्थिति घोषित की गई है। जिसके लिए, शुक्रवार को देशभर में स्कूल बंद रहेंगे।

हालांकि ईरान पर हुए इस हमले का असर तेल की कीमतों पर भी देखने को मिल रहा है। जहां मीडिया रिपोर्ट की माने तो हमले के बाद तेल की कीमतों में लगभग 5त्न का उछाल आया है। बता दें कि यह हमला ऐसे समय



हुआ है जब ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर दुनिया भर में चिंता बढ़ रही है। जहां एक तरफ इस्राइल लंबे समय से कहता रहा है कि वह ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देगा। वहीं, ईरान का दावा है कि उसका ऐसा कोई इरादा नहीं है, लेकिन वह क्षमता रखता है। वहीं इस हमले को लेकर इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ऑपरेशन राइजिंग लायन पर जोर दिया। उन्होंने एलान किया है कि देश ने ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम से एक सैन्य अभियान शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि यह अभियान ईरान से आ रहे खतरे को खत्म करने के लिए शुरू किया गया है, जो इस्राइल के अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है।

नेतन्याहू ने कहा कि कुछ ही देर पहले इस्राइल ने एक निशानेबाज सैन्य अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य ईरान के खतरे को पीछे ढकेलना है। नेतन्याहू ने जोर देकर कहा कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक इस खतरे को पूरी तरह समाप्त नहीं कर दिया जाता।


गौरतलब है कि इससे पहले अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने 20 वर्षों में पहली बार ईरान को उसके सहयोग न करने पर फटकार लगाई थी। इसके जवाब में ईरान ने घोषणा की कि वह देश में तीसरा यूरेनियम संवर्धन केंद्र शुरू करेगा और नई पीढ़ी की सेंट्रीफ्यूज मशीनें लगाएगा।

इस्राइल के इस हमले पर अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि इस्राइल ने ईरान पर जो हमला किया है, वह उसका एकतरफा फैसला था और इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में तैनात अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा है। इस्राइल ने हमें पहले ही बता दिया था कि यह कार्रवाई उसकी आत्मरक्षा के लिए जरूरी है।

रूबियो ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी प्रशासन ने अमेरिकी बलों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए हैं और क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा, हम साफ कर देना चाहते हैं कि ईरान को अमेरिका के हितों या हमारे सैनिकों को निशाना नहीं बनाना चाहिए।

## प्रदेश में आमजन की सुविधा के लिए यूनिफाइड पोर्टल सिस्टम की होगी शुरूआत : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में आमजन को सुविधाएं उपलब्ध कराने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ आमजन को आसानी से दिलाने के लिए यूनिफाइड पोर्टल सिस्टम तैयार किया जाए। जिसमें विभिन्न विभागों की सेवाएं एक साथ जोड़कर, आमजन को एक ही स्थान पर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। यूनिफाइड पोर्टल को विभिन्न विभागों की 1700 सेवाओं को जोड़कर लॉन्च किया जाए। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभागों की जानकारी आमजन को आसानी से मिल सके, इसके लिए जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। जनता को विभिन्न कार्यक्रमों और अभियानों की जानकारी देने के उद्देश्य से होर्डिंग्स लगाए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास (समत्व भवन)



में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि उज्जैन में सिंहस्थ-2028 में विभिन्न तकनीकी कार्यों एवं व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन में नवीन प्रौद्योगिकी की मदद ली जाए। इसे सुनिश्चित करने के लिए एमपीएसईडीसी सॉफ्टवेयर/ऐप तैयार करें और नगरीय विकास एवं आवास विभाग को भी निर्देशित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने नवीन ड्रोन नीति तैयार कर इसे लागू किया है। प्रदेश में कानून और व्यवस्था नियंत्रण के लिए ड्रोन का उपयोग बढ़ाने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई जाए। इसके साथ ही शहरी यातायात प्रबंधन के लिए भी ड्रोन का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को उज्जैन में खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन होगा। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं अन्य सहयोगियों की ओर से यह कार्यशाला डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में आयोजित की जाएगी।

## हत्याकांड का प्रेमी राज ही था मास्टर माइंड

### शादी के पहले ही बना ली थी योजना

**इंदौर।** शिलांग पुलिस ने राजा रघुवंशी हत्याकांड में बड़ा खुलासा किया है। शिलांग के एसपी एसपी विवेक सियोम ने सोनम और राज से पूछताछ के आधार पर बड़े खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि इस हत्याकांड का मास्टरमाइंड सोनम का प्रेमी राज कुशवाह ही था। उसने ही हत्या की पूरी प्लानिंग की थी।

उन्होंने बताया कि राज कुशवाह इस हत्याकांड का मास्टर माइंड था। राजा को मारने की प्लानिंग शादी के 11 दिन पहले ही राज और सोनम ने बनाई थी। 2 जून को राजा का शव शिलांग की गहरी खाई में मिला था। इस दौरान



सोनम इंदौर में ही मौजूद थी। सोनम गुवाहाटी से पटना, लखनऊ होते हुए इंदौर आई थी। उसके बाद 7 जून को वह राज के साथ गाजीपुर के लिए निकल गई।

सोनम ने बताया कि परिवार के दबाव में उसने राजा से शादी की थी। राजा की हत्या के लिए शिलांग गए। दोस्त विशाल और अन्य तीन आरोपियों को तैयार किया था। तीनों के टिकट उसने ही कराए थे। विशाल को उसने सिम भी दी थी। शिलांग से सोनम राज को लोकेशन भेजती थी, उसे राज आरोपियों को फारवर्ड करता था। राज ने इंदौर से आरोपियों के गुवाहाटी तक के टिकट कराए थे। रोज फोन पर उन्हें निर्देश देता था। राज खुद शिलांग नहीं गया था, लेकिन योजना उसने ही बनाई थी। जब सोनम इंदौर आई तो उसके रुकने का इंतजाम भी राज ने किया था। उसने सात हजार रुपये का किराना भी सोनम को खरीद कर दिया था।

## ईरान-इस्राइल युद्ध के कारण बढ़ सकते हैं पेट्रोल के दाम

**वॉशिंगटन।** इस्राइल ने ईरान के कई परमाणु ठिकानों पर हमला कर दिया है। इससे पूरी दुनिया के बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल है। भारत सहित दुनिया भर के शेयर बाजारों पर इसका नकारात्मक असर पड़ा है और शेयर टूट गए हैं। निवेशक सुरक्षित निवेश की तलाश में अपना पैसा निकाल रहे हैं। इसका सीधा असर एक बार फिर सोने और डॉलर में तेज निवेश के रूप में सामने आ सकता है, वहीं भारत पर इसके कारण पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी हो सकती है।

## एअर इंडिया विमान हादसे की जगह पर पहुंचे प्रधानमंत्री

### मंत्री-अधिकारियों से ली जानकारी

**अहमदाबाद।** एअर इंडिया विमान हादसे की जगह पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों और अधिकारियों से गुरुवार को हुए दर्दनाक हादसे की जानकारी ली। पीएम मोदी के साथ नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू, गुजरात के गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, गृह मंत्री हर्ष संघवी और केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री उस जगह भी गए जिस हॉस्टल पर विमान गिरा था। बता दें कि इस भीषण हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत कुल 266 लोगों की मौत हुई है। इनमें 241 लोग विमान में सफर कर रहे थे।



बाकी हताहत लोग विमान के क्रैश होते समय मेघाणीनगर में घटनास्थल पर मौजूद थे। अहमदाबाद में क्रैश हुए विमान के मलबे के पास पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहद बारीकी और विस्तार से दुर्घटना के बाद के हालात और रेस्क्यू ऑपरेशंस की जानकारी ली। बता दें कि एअर इंडिया ने फ्लाइट संख्या-एक्व171 पर सवार यात्रियों के परिवारों और प्रियजनों की सहायता करने और उनकी जरूरतों का ख्याल रखने के लिए, अहमदाबाद, मुंबई, दिल्ली और गैटविक एयरपोर्ट पर सहायता केंद्र स्थापित किए हैं।

## अहमदाबाद विमान हादसे पर मल्लिकार्जुन खरगे ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दुख जताया है। उन्होंने हादसे की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। साथ ही मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कांग्रेस समेत सभी संगठनों के कार्यकर्ताओं से घायलों और मृतकों के परिवारों की मदद करने की अपील की।

खरगे ने कहा कि सरकार पीड़ितों को वित्तीय और चिकित्सा सहायता सहित सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने की पूरी जिम्मेदारी ले।

## इस्राइली हमले के बाद ट्रंप ने ईरान को दी धमकी

### कहा- अगर परमाणु डील नहीं की तो और भयानक हमले होंगे

**वॉशिंगटन।** इस्राइल की तरफ से किए गए भीषण ड्रोन हमले में ईरान को भारी नुकसान हुआ है। इस्राइली वायु सेना ने अब तक ईरान में पांच बार हमले किए हैं। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी ईरानी को फिर से परमाणु समझौता करने को कहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान से उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर वाशिंगटन के साथ समझौता करने की अपील की है।

इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि इस्राइल के हमले और भी बुरे होंगे। शुक्रवार को हुए हमले के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, अब भी समय है कि इस रक्तपात को रोका जा सकता है। अगली हमले की योजना पहले से ही बनाई जा चुकी है और वे पहले से कहीं ज्यादा क्रूर होंगे।

## दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स मिला, हादसे की वजहों का हो सकेगा खुलासा

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में दुर्घटना की शिकार हुई एअर इंडिया की उड़ान एआई 171 का ब्लैक बॉक्स मिल गया है। विमानन मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। मंत्रालय ने बताया कि ब्लैक बॉक्स को इमारत की छत से बरामद किया गया। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने हादसे के तुरंत बाद पूरी ताकत से जांच शुरू कर दी थी। राज्य सरकार के 40 से अधिक कर्मचारी भी मौके पर मौजूद विमानन मंत्रालय की टीमों के साथ मिलकर राहत और जांच कार्य में जुटे हुए हैं। मंत्रालय



ने बताया कि डीएफडीआर को छत से बरामद किया गया है।

इससे पहले, पुलिस और दमकल अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इस ब्लैक बॉक्स का विश्लेषण हादसे की वजहों को समझने में अहम भूमिका निभाएगा। अहमदाबाद के दमकल अधिकारियों ने बताया कि मेटल कटर जैसे खास उपकरणों से लैस एक टीम को मेघाणीनगर इलाके में दुर्घटनास्थल पर भेजा गया था। यह इलाका हवाई अड्डे के पास स्थित है, जहां गुरुवार दोपहर बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। जहां पर काफी मशक्कत के बाद टीम ब्लैक बॉक्स को खोजने में सफल रही। पहले सूत्रों ने बताया कि जिस बी.जे. मेडिकल कॉलेज के छात्रावास पर विमान गिरा था, वहां के सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर पुलिस ने जब्त किया गया। डीवीआर एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण होता है, जो सीसीटीवी कैमरों की वीडियो रिकॉर्डिंग को सेव करता है। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें विमान का ब्लैक बॉक्स खोजने में मदद के लिए कहा गया था।

## दौड़ती कार बनी आग का गोला, चंद मिनटो में खाक

**शिवपुरी।** सुरवाया थाना क्षेत्र के फोरलेन हाईवे पर शुक्रवार की दोपहर एक कार में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। देखते ही देखते पूरी कार को आग की लपटों ने घेर लिया। कार में सवार परिवार आग फैलने के पहले ही सुरक्षित बाहर निकल आया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने आगजनी कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कानपुर निवासी सय्यैद शहनबाज अपनी इग्निस कार से परिवार के साथ वीक एंड की छुट्टियां मनाने के लिए गुना स्थित ससुराल जा रहे थे। कार में तीन पुरुष, दो महिला व एक बच्चा सवार था। शुक्रवार की सुबह कानपुर से चलकर दोपहर के समय वह अमोला व सुरवाया के बीच में पहुंचे। भीषण गर्मी के कारण कार गर्म होने से इंजन में शॉर्ट सर्किट हुआ। कार ने आग पकड़ ली। कार चला रहे सय्यैद शाहनबाज के भांजे मेहमूद को लगा की चलती कार के इंजन में आग लग गई। इस पर उन्होंने कार को सड़क किनारे खड़ा कर पूरे परिवार को बाहर निकाला।

## एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े के विमानों की होगी सुरक्षा जांच

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने शुक्रवार को एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े की सुरक्षा जांच बढ़ाने का आदेश दिया। यह कदम अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के एक दिन बाद उठाया गया है, जिसमें 241 लोगों की मौत हो गई थी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787-8 और 7 बोइंग 787-9 विमान हैं। विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एअर इंडिया को निर्देश दिया है कि वह तत्काल प्रभाव से अपने जेनएक्स इंजन से लैस बोइंग 787-8 और 787-9 विमानों पर अतिरिक्त रखरखाव (मेंटेनेंस) कार्य करे।

## 14 जून के बाद मध्य प्रदेश में मानसूनी बारिश

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर, भोपाल और ग्वालियर शहर में पड़ रही गर्मी से लोग परेशान हैं, तो जबलपुर में अब तापमान में गिरावट आने लगी है। इंदौर में गुरुवार को तेज आंधी के साथ बौछारें पड़ी, लेकिन इसके बाद उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। आज प्रदेश के कई इलाकों में बारिश के आसार हैं। मानसून की आहट से मौसम की रंगत धीरे-धीरे बदलने लगी है। गुरुवार को धूप के बीच छाए बादलों ने दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रियता के संकेत भी दे दिए हैं वहीं दिन का तापमान में भी धीरे-धीरे गिरावट दर्ज की जा रही है। अगले 48 घंटे के दौरान जबलपुर सहित संभाग के जिलों में तेज हवा के साथ बौछारे पड़ने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि मानसून के आगमन के पहले गर्मी लोगों को पस्त किए है। मौसम के बदलते अंदाज को देखते मौसम विभाग ने शुक्रवार को धूप-बादल के बीच शाम तक तेज हवा चलने और 14 जून से जबलपुर सहित संभाग के मंडला, बालाघाट, छिंदवाड़ा सहित अन्य जिलों में तेज हवा के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। क्षेत्रीय मौसम कार्यालय के अनुसार वर्तमान में एक चक्रवात पंजाब के ऊपर बना हुआ है। वहीं एक चक्रवाती परिसंचरण से एक ट्रफ हरियाणा, पश्चिम मध्यप्रदेश से होते हुए, दक्षिण पूर्व मध्यप्रदेश तक ऊंचाई पर विस्तृत है।


## टाटा समूह के इतिहास का सबसे काला दिन

### विमान हादसे के एक दिन बाद बोले टाटा समूह के मुखिया

**नई दिल्ली।** भले ही यह कठिन समय हो, लेकिन समूह अपनी जिम्मेदारियां निभाएगा और सही काम करने से पीछे नहीं हटेगा। अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के एक दिन बाद टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने विमान हादसे के दिन को एअर इंडिया के इतिहास का सबसे काला दिन भी बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एयर इंडिया का स्वामित्व रखने वाला समूह विमान हादसे से जुड़ी सूचना देने के लिए अपनी प्रणाली में पूरी पारदर्शिता रखेगा।

कर्मचारियों को भेजे गए एक आंतरिक संदेश में टाटा समूह के मुखिया ने कहा कि जब टाटा संस ने एअर इंडिया का अधिग्रहण किया था, तो यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता थी और इससे कोई समझौता नहीं किया गया।

टाटा समूह के प्रमुख की ओर से कर्मचारियों को भेजा गया यह संदेश एयर इंडिया के लंदन जाने वाले बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त होने के एक दिन बाद सामने आया है। इस विमान में सवार 242 लोगों में से 241 लोगों की मौत हो गई थी। यह देश की सबसे भीषण हवाई दुर्घटनाओं में



से एक थी। चंद्रशेखरन ने कहा, यह बहुत कठिन क्षण है। कल जो कुछ हुआ, वह समझ से परे है, और हम सदमे और शोक में हैं। एक ऐसे व्यक्ति को खोना जिसे हम जानते हैं, एक त्रासदी है, लेकिन एक साथ इतनी सारी मौतें होना समझ से परे है। चंद्रशेखरन ने कहा, यह टाटा समूह के इतिहास का सबसे काला दिन है। इस समय सांत्वना देने के लिए शब्द पर्याप्त नहीं हैं, लेकिन मेरी संवेदनाएं दुर्घटना में मारे गए और घायल हुए लोगों के परिवारों और प्रियजनों के साथ हैं। हम उनके साथ हैं। उन्होंने कहा, मैं यह कहना चाहता हूं कि आपकी तरह हम भी यह समझना चाहते हैं कि क्या हुआ। अभी हमें नहीं पता, लेकिन हम समझ जाएंगे। चंद्रशेखरन ने कहा कि कहा कि पिछले 24 घंटों में ब्रिटेन और अमेरिका से जांच दल दुर्घटना की जांच के लिए अहमदाबाद पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा, उन्हें हमारा पूरा सहयोग मिल रहा है और हम निष्कर्षों के बारे में पूरी पारदर्शिता बरतेंगे। उन्होंने कहा, हम परिवारों और प्रियजनों, अपने पायलटों और चालक दल के सदस्यों और आपके प्रति ऋणी हैं। टाटा समूह समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेता है और इसमें कल जो कुछ हुआ उसके बारे में खुलकर बताना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इस समय समूह की कोशिश ऐसी व्याख्याओं की तलाश है जो इस आपदा के लिए सार्थक हो। चारों ओर इस बारे में बहुत सारी अटकलें हैं। इसमें से कुछ सही हो सकती हैं, कुछ गलत भी हो सकती हैं। इसलिए मैं धैर्य रखने का आग्रह करना चाहता हूं।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

## बाल श्रम की रोकथाम के लिए की गई चर्चा



**सीधी।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून के अवसर पर श्रमायुक्त मध्यप्रदेश शासन इंदौर के निर्देशानुसार जिले में बाल श्रम विषय पर कार्यशाला सह बैठक जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, सदस्यगण तथा जिला टास्क फोर्स समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति में आयोजन किया गया।

जिला बाल कल्याण समिति (न्यायिक खण्डपीठ) सीधी के सदस्य श्री सचिन्द्र कुमार मिश्रा ने चर्चा में बताया कि जितने बाल एवं किशोर श्रमिक संस्थानों में नियोजित नहीं रहते उससे ज्यादा कबाड़ बीनना तथा आरती घुमाना तथा गाड़ियों के साफ-सफाई का कार्य करने में संलग्न रहते हैं। एक विशेष टीम द्वारा ऐसे बच्चों के माता-पिता के साथ चर्चा की जावे, और नियम अधिनियम की जानकारी देते हुए उन्हें अपने बच्चों से ऐसा कार्य न कराये जाने का बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर काउन्सिलिंग के पश्चात उन्हें जानकारी दी जावे।

चर्चा के दौरान उपस्थित सचिव सहायक श्रम पदाधिकारी सुश्री आकांक्षा पाठक द्वारा सदस्य द्वारा किए गये चर्चा तथा दिए गये मार्गदर्शन से सहमत होते हुए सी.डब्ल्यू.सी. एवं बाल श्रम अधिनियम के अंतर्गत जिले में गठित टास्क फोर्स समिति के सदस्यों के साथ संयुक्त अभियान चलाये जाने की बात बताई गयी।

जिला विधिक अधिकारी श्री मनीष कौशिक द्वारा अपना विचार व्यक्त किया गया कि ऐसे कार्य एवं बाल श्रम नियोजन की सम्भावना वाले संस्थानों में जांच के लिए अलग-अलग रेस्क्यू जांच टीम बनायी जाकर संभावित संस्थानों में प्रचार-प्रसार की सूचना पहुंचाई जाकर बाल श्रम न नियोजित किए जाने के समझाईस दी जावे तथा उनके द्वारा बताया गया कि, जिले में एक ऐसा कोई दूरभाष नम्बर प्रचारित कराया जावे कि जिसमें जिले के कोई भी आम नागरिक समाजसेवी, अधिवक्ता, स्वयंसेवी संस्थानों के पदाधिकारी एवं जिले में कार्यरत श्रमिक संगठन द्वारा बाल श्रम नियोजन की सूचना जिलास्तरीय टास्क फोर्स समिति एवं जिला दण्डाधिकारी/श्रमपदाधिकारी/जिला नोडल अधिकारी बाल श्रम तक सूचना प्राप्त हो और बाल श्रम रोकें जाने के संबंधी वैधानिक अधिनियम के प्रावधान अनुसार बाल श्रम नियोजित करने वाले संस्थानों के विरूद्ध कार्यवाही हो सके।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला बाल विकास विभाग सीधी श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा बताया गया कि बाल श्रम रोके जाने के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि जिले में स्थापित जिले में अशासकीय/शासकीय विद्यालय जहां पर बच्चे बाल एवं किशोर उम्र के बच्चे लगातार यदि विद्यालय से एक माह की अवधि से अनुपस्थित हैं तो विद्यालय के शिक्षकों को यह दायित्व है कि अनुपस्थित बच्चों की निगरानी करें कि कहीं वह विद्यालय से अनुपस्थित रहकर बाल श्रम के कार्यो में नियोजित तो नहीं हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सीधी के उपस्थित प्रतिनिधि अमरनाथ चतुर्वेदी द्वारा कहा गया कि इस संबंध में जिले के समस्त विद्यालय को पत्र जारी किया जावेगा।

सचिव एवं सहायक श्रमपदाधिकारी सुश्री आकांक्षा पाठक द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी सदस्य/पदाधिकारियों के विचार सुझाव के पश्चात आग्रह किया गया कि अभी दो-चार दिन में जैसे ही हीट वेव (अत्यधिक गर्मी) का प्रकोप कम होता है, तो जिला स्तर पर गठित जिला टास्क फोर्स समिति तथा उचित हो तो जिला बाल कल्याण समिति (सी.डब्ल्यू.सी.) के पदाधिकारी भी संयुक्त रूप से गठित जांच/रेस्क्यूदल तैयार कर जिले में बाल श्रम नियोजित होने वाले संभावित होने वाले संस्थानों में औचक निरीक्षण कर बाल श्रमिकों का पुनर्वास बाल कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा दिए गये निर्देशानुसार कार्यवाही की जावेगी।

उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर रिट पिटीशन के संबंध में

# एएनएम अभिलेख सत्यापन 13 जून से 23 जून तक

**सीधी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर रिट पीटिशन याचिका क्रमांक 5747/2023 तबस्सुम कुरेशी एवं अन्य विरुद्ध म.प्र. शासन व अन्य तथा संबंधित याचिकाओं में न्यायालय द्वारा दिनांक 28.4.2025 को पारित आदेश के अनुपालन में आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. के पत्र दिनांक 11.06.2025 द्वारा निर्देशित किया गया है कि वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 के अन्तर्गत ए.एन.एम. (महिला बहुद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की सीधी भर्ती हेतु आवंटन हुआ है एवं नियुक्ति आदेश प्राप्त नही हुआ है उनमें से ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने सत्र 2012-13 से पूर्व एएनएम पाठ्यक्रम में कक्षा दसवीं उत्तीर्ण करने के पश्चात् प्रवेश प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी चयन हेतु पात्र होंगे। ऐसे अभ्यर्थी जो सत्र 2012-13 तथा उसके पश्चात् किसी भी एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र में कक्षा दसवी की योग्यता के साथ एएनएम पाठ्यक्रम में प्रवेश कर चुके हैं वे पात्र नही माने जायेगे।

जिन अभ्यार्थियों ने सत्र 2012-13 से पूर्व 18 माह का एएनएम प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है वे चयन हेतु पात्र होंगे। जिन अभ्यार्थियों ने सत्र 2012-13 तथा उसके पश्चात् किसी एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र से 24 माह के स्थान पर 18 माह का एएनएम प्रशिक्षण प्राप्त किया है ये अपात्र होंगे।

ऐसे अभ्यार्थी जो सत्र 2018-19 तक किसी एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश ले चुके हैं वे प्रश्नगत चयन के लिये पात्र होंगे, भले ही उन्होंने भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीवविज्ञान के अलावा अन्य विषयों से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण की हो और मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित न किये जाने वाले एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश लिया हो। सत्र 2019-20 के बाद प्रवेश पाने वाले उम्मीदवारों पर यह अयोग्यता पूर्णत: लागू होगी।

उन्होंने बताया कि उक्त दिशा निर्देश के अनुपालन में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर रिट पीटिशन याचिका कमांक 5747/2023 तबस्सुम कुरेशी एवं अन्यविरुद्ध म0प्र0शासन व अन्य तथा संबंधित याचिकाओं में माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 28.04.2025 को पारित आदेश के अनुपालन में जिला सीधी के लिये आंवटित सभी सम्बन्धित अभ्यार्थी दिनांक 13.06.2025 से 23.06.2025 तक किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सीधी में मूल अभिलेख सहित उपस्थित होकर अभिलेख सत्यापन कराये जिससे अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

# एमपी किसान पोर्टल पर पंजीकरण के लिए किसानों को सलाह



**सीधी।** कृषि विभाग द्वारा किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए एमपी किसान पोर्टल पर पंजीकरण करने की सलाह दी गई है। यह पोर्टल किसानों के लिए एक सुगम और पारदर्शी मंच है, जिसके माध्यम से वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, कृषि यंत्र सब्सिडी, बीज अनुदान, और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे पंजीकरण के लिए अपने आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, खसरा-खतौनी और पंजीकृत मोबाइल नंबर के साथ पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराएं।

पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए स्थानीय कृषि कार्यालय, पंचायत स्तर पर सहायता केंद्र, और कॉमन सर्विस सेंटर पर सहायता उपलब्ध है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे केवल प्रमाणित दस्तावेजों का उपयोग करें और आवेदन से पहले पोर्टल पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। पंजीकरण के बाद, किसान पोर्टल पर अपनी प्रोफाइल अपडेट रखें और योजनाओं की समय-सीमा व पात्रता की जानकारी के लिए नियमित रूप से जांच करें। यह पोर्टल न केवल योजनाओं के लिए आवेदन की सुविधा प्रदान करता है, बल्कि मृदा स्वास्थ्य, फसल चक्र, और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी भी उपलब्ध कराता है। अधिकारियों ने जोर दिया कि समय पर पंजीकरण और सही जानकारी प्रदान करने से योजनाओं का लाभ त्वरित और निर्बाध रूप से प्राप्त हो सकता है। किसानों से अनुरोध है कि वे नजदीकी कृषि समन्वयक या जिला कृषि कार्यालय से संपर्क करें और एमपी किसान पोर्टल के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# माँ काली समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र मझौली में सीएलएफ को सशक्त करने के उद्देश्य से 05 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी अंशुमन राज के सफल मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन में विकासखण्ड मझौली अंतर्गत विकास सीएलएफ पोंड़ी विकासखण्ड कुसमी के समस्त सीएलएफ सदस्यों के लिये प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सीएलएफ को समग्र रूप से सशक्त बनाये जाने के लिए मिशन के सभी घटक जैसेद्द सामुदायिक संस्थागत विकास, सूक्ष्म वित्त, रोजगार एवं कौशल उन्नयन, वित्त, कृषि, उद्यमिता विकास, एमआईएस आदि घटकों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

सीएलएफ संकुल स्तरीय संगठन का अर्थ एक ऐसे संगठन को बनाना जो संकुल स्तर पर स्थित संगठनों को सहायता प्रदान करे। यह संगठन ग्राम संगठनो को स्व-प्रबंधित, स्व-नियंत्रित, स्व-संचालित और आत्मनिर्भर संस्था के रूप में विकसित करने में मदद करता है। सीएलएफ एवं उनके सदस्यों को मिशन अंतर्गत सभी घटकों से क्या लाभ होंगे, के बारे में विस्तृत जानकारियाँ प्रदान की गयीं। ताकि सीएलएफ अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम संगठनों एवं समूहों को विस्तृत जानकारी प्रदाय करते हुये स्वयं के संचालन के साथ अपने संगठनों का भी सफल संचालन करने मे सक्षम बन सके।

उपरोक्त प्रशिक्षण जिला मिशन स्टाफ से पुष्पेंद्र कुमार सिंह जिला परियोजना प्रबंधक, मनोज कुमार चंद्रिकापुरे जिला प्रबंधक वित्त, देवेश मिश्रा जिला प्रबंधक कौशल, शैलेन्द्र द्विवेदी जिला प्रबंधक (लघु उद्यमिता विकास), अजय सिंह जिला प्रबंधक सूक्ष्म वित्त, प्रशांत कुमार मिश्रा सहायक जिला प्रबंधक (सामुदायिक प्रशिक्षण), विजय गोस्वामी प्रभारी जिला प्रबंधक कृषि, हरि राम त्रिपाठी युवा सलाहकार एसआईएसडी सम्बंधित विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदाय किया गया।

प्रशिक्षण समापन के दौरान जिला स्तर से प्रशांत कुमार मिश्रा सहायक जिला प्रबंधक (सामुदायिक प्रशिक्षण), हरि राम त्रिपाठी युवा सलाहकार एसआईएसडी तथा विकासखण्ड स्तर से चंद्रकांत सिंह विकासखण्ड प्रबंधक मझौली,भरत सोनी सहायक विकासखण्ड प्रबंधक मझौली, अरुण गौतम सहायक विकासखंड प्रबंधक मझौली, संजीव सिंह सहायक विकासखंड प्रबंधक मझौली सहित स्व सहायता समूह की बहने उपस्थित रहे।

# समस्त नदियों व जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा

## उल्लंघन पर कारावास और जुर्माने से किया जाएगा दण्डित

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने अधिसूचना जारी कर जिले में 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि में मत्स्याखेट पूर्णत: निषिद्ध किया है। म.प्र. शासन मछली पालन विभाग का ज्ञापन दिनांक 23.07.1987 के अनुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें विनिर्दिष्ट जल की परिभाषा के अतंर्गत नहीं लिया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु में मत्स्य के वंश वृद्धि (प्रजनन) दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने के लिए जिले के सभी प्रकार के जल संसाधनों में म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3 (2) के अन्तर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बन्द ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। इस अवधि में सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णत: निषिद्ध रहता है। साथ ही मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनियम एवं परिवहन करना भी प्रतिबंधित है एवं संज्ञेय दण्डनीय अपराध है।

इन नियमों के उलंघन पर म.प्र. राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 05 हजार रूपये या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। इस अधिसूचना के माध्यम से जन साधारण को सूचित किया गया है कि इस अवधि में किसी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय एवं विक्रय अथवा मत्स्य परिवहन न तो स्वयं करें और न ही इस कार्य में किसी अन्य का सहयोग दें।

# अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण



**सीधी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी श्री अंशुमन राज के निर्देशन में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी श्री धनंजय मिश्रा द्वारा जनपद पंचायत रामपुर नैकिन की विभिन्न ग्राम पंचायतों का आकस्मिक भ्रमण किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत पड़खुरी 88, अमरपुर, बघवार, गोपालपुर का भ्रमण करते हुए प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा योजनातर्गत स्वीकृत विभिन्न कार्यों यथा अमृत सरोवर, गौ शाला, पंचायत भवन एवं खेत तालाब आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान तथा ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा की गयी। सेल्फ सर्वे के लिए सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायक से भी चर्चा की गई। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


**कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व,**
शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला-सीधी, 486661, (मध्य प्रदेश)
फोन नम्बर-7822297542
E.mail. fdsajnp.sdh@mp.gov.in, fdsanjay_tr@rediffmail.com , website. www.sanjaytigerreserve.in

क्र./ई-निविदा/2025/ 3782 — सीधी दिनांक 12-06-2025

-: ई-निविदा सूचना :-

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासकीय हाथियों के भोजन के लिये निम्नांकित सामग्री के लिये वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत् पंजीकृत, प्रतिष्ठित निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं से संजय टाईगर रिजर्व, सीधी की परिक्षेत्र दुबरी के लिये आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क. | सामग्री का नाम | सामग्री प्रदाय मात्रा प्रति माह | सामग्री प्रदाय वर्ष में कुल मात्रा | प्रदाय स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | गेहू का आटा | 1080 कि0ग्रा0 | 12960 कि0ग्रा0 | संजय टाईगर रिजर्व, सीधी की परिक्षेत्र दुबरी के अंतर्गत हाथी कैम्प में प्रदाय किया जाना अनिवार्य है। जिला-सीधी (म0प्र0) |
| 2 | चने का आटा | 120 कि0ग्रा0 | 1440 कि0ग्रा0 | |
| 3 | गुड़ | 120 कि0ग्रा0 | 1440 कि0ग्रा0 | |
| 4 | सोयावीन का तेल | 120 कि0ग्रा0 | 1440 कि0ग्रा0 | |
| 5 | नमक | 30 कि0ग्रा0 | 360 कि0ग्रा0 | |
| 6 | नारियल का गोला | 60 कि0ग्रा0 | 720 कि0ग्रा0 | |
| 7 | गन्ना | 2400 नग | 28800 नग | |
| 8 | सर्को फेराल(फीड सप्लीमेन्ट) | 30 कि0ग्रा0 | 360 कि0ग्रा0 | |
| 9 | नीम तेल | 30 कि0ग्रा0 | 360 कि0ग्राम | |
| 10 | अरंडी तेल | 30 कि0ग्रा0 | 360 कि0ग्राम | |

इस निविदा के लिये दिनांक 18.06.2025 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे हैं। टेण्डर की विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in/ के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 27.06.2025 समय शाम 3.00 तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 28.06.2025 को दोपहर 3.00 बजे रहेगा। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिशियल वेबसाईट https://mpforest.gov.in/ पर भी देखी जा सकेगी।

उप संचालक
संजय टाईगर रिजर्व, सीधी

जी-14318/25



**कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व,**
शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला-सीधी, 486661, (मध्य प्रदेश)
फोन नम्बर-7822297542
E.mail. fdsajnp.sdh@mp.gov.in, fdsanjay_tr@rediffmail.com , website. www.sanjaytigerreserve.in

क्र./ई-निविदा/2025/3780 — सीधी दिनांक 12-06-2025

-: ई-निविदा सूचना :-

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में भवन निर्माण /मरम्मत , पुलिया, रपटा, चेकडेम निर्माण मरम्मत के लिये शासकीय कार्यो हेतु निम्नांकित सामग्री के लिये वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत् पंजीकृत, प्रतिष्ठित निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं से मोहन, पोंड़ी, दुबरी, बस्तुआ, ब्यौहारी बफर, मड़वास बफर, टमसार बफर, भुईमाड़ बफर, सोनघड़ियाल अभयारण्य सीधी , सोनघड़ियाल अभयारण्य चितरंगी , सोनघड़ियाल अभयारण्य रामपुर नैकिन , बगदरा अभयारण्य सीधी के लिये ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | ईट पक्की (गुटका) 9"x 4"x4" | 170000 नग |
| 2 | फ्लाई एस. ईट 8"x 4"x4" | 60000 नग |
| 3 | रेत (बालू) | 600 घ.मी. |
| 4 | गिट्टी 20,40 एमएम | 500 घ.मी. |
| 5 | लोहा/सरिया 8,10,12 एमएम | 18000 कि.ग्रा. |
| 6 | सीमेन्ट (ISI Mark 53-Grade ) मेजर प्लांट | 20000 बैग (50Kg Wt.) |
| 7 | हार्ड मुरूम | 400 घ.मी. |
| 8 | स्टोन डस्ट (राखड़) | 350 घ.मी. |
| 9 | स्ट्रेक्चर स्टील (ISI Mark) | 30 क्विंटल |
| 10 | बाईडिंग वायर | 300 कि.ग्रा |
| 11 | अनगढ़ा पत्थर | 400 घ.मी. |
| 12 | फर्स टाईल्स 600 mm ×600mm×9mm प्रति वर्ग फिट | 525 वर्ग फिट |
| 13 | बाथरूम फ्लोर टाइल्स 30×30cm प्रति वर्ग फिट | 2000 वर्ग फिट |
| 14 | बाथरूम वाल टाइल्स 45×30cm प्रति वर्ग फिट | 2000 वर्ग फिट |
| 15 | इमल्सन पेन्ट अंदर दीवार हेतु | 4000 लीटर |
| 16 | इमल्सन पेन्ट बाहरी दीवार हेतु | 4000 लीटर |
| 17 | पेन्ट हरा, लाल, सफेद, ब्राउन | 2000 लीटर |
| 18 | चौखट सालवुड-दरवाजा मय पल्ला | 3'6"×7'0"=15 Nos<br>2'9"×7'0"=20 Nos |
| 19 | लकड़ी सालवुड की खिड़की मय पल्ला | 5'0"×4'6"=15 Nos<br>4'0"×4'6"=10 Nos<br>3'0"×4'6"=05 Nos |

इस निविदा के लिये दिनांक 18.06.2025 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे है। टेण्डर की विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in/ के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 27.06.2025 समय शाम 3.00 तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 28.06.2025 को दोपहर 3.00 बजे रहेगी। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिशियल वेबसाईट https://mpforest.gov.in/ पर भी देखी जा सकेगी।

उप संचालक
संजय टाईगर रिजर्व, सीधी

जी-14317/25

## संपादकीय

### भयावह घटना में बदला हनीमून

पिछले एक अरसे में नवदंपतियों के बीच बढ़ते अविश्वास और मतभेद के कारण कलह, मारपीट और तलाक के मामले बढ़े हैं। जीवन भर एक-दूसरे का साथ निभाने का जो वचन दिया जाता है, वह कुछ दिनों या महीनों में टूटने लगता है। भारत में विवाह एक पवित्र बंधन है, जिसमें जीवन भर के रिश्ते की बुनियाद पड़ती है। एक विश्वास के साथ युगल अपने नए जीवन की यात्रा आरंभ करता है। पति और पत्नी दोनों को भरोसा होता है कि जब भी वे मुश्किल डगर पर होंगे, तो एक-दूसरे को संभाल लेंगे। इंदौर के राजा रघुवंशी शादी के एक हफ्ते बाद अपनी मधुर स्मृतियों को सहेजने के लिए पत्नी के साथ जब मेघालय गए होंगे, तब उन्हें पता नहीं होगा कि वे कभी लौट कर घर नहीं आएंगे और उनका हनीमून एक भयावह घटना में बदल जाएगा। शिलांग में पर्यटन के दौरान यह नवयुगल लापता हो गया था। इसके बाद एक खाई में राजा का शव मिला। तब से उनकी पत्नी सोनम गायब थी। पुलिस उसे ढूंढ़ती रही। सात दिन बाद पता चला कि वह गाजीपुर में है। इसके बाद देश को झकझोर देने वाली इस घटना से पर्दा उठ गया। पुलिस का दावा है कि सोनम ने ही पति की हत्या भाड़े के हत्यारों से कराई है। उसने आत्मसमर्पण जरूर कर दिया है, लेकिन सवाल उठता है कि अगर उसे आपत्ति थी, तो उसने यह शादी ही क्यों की?पिछले एक अरसे में नवदंपतियों के बीच बढ़ते अविश्वास और मतभेद के कारण कलह, मारपीट और तलाक के मामले बढ़े हैं। जीवन भर एक-दूसरे का साथ निभाने का जो वचन दिया जाता है, वह कुछ दिनों या महीनों में टूटने लगता है। दोनों पक्ष के परिवारों के समझाने-बुझाने पर भी कई बार पति-पत्नी साथ नहीं रहते और नवयुगल का घरौंदा बसने से पहले ही उजड़ जाता है।मगर सवाल है कि वे कौन से कारण हैं, जिनकी वजह से नवदंपतियों में टकराव की नौबत पैदा होती है। इसे समझना होगा। दरअसल, इसके पीछे अति महत्त्वाकांक्षा, सुख-सुविधाएं और अवैध संबंध तो हैं ही, वहीं परिवार के दबाव में अनिच्छा से की गई शादी भी बड़ी वजह है। फिलहाल सोनम पर जो गंभीर आरोप लगे हैं, इसका जवाब अब उसी को देना है। मगर, इस घटना ने सभी को झकझोर दिया है।

**भारत एक ओर जहां लगातार तेज ग्रोथ करते हुए बीते दिनों जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बना, तो वहीं उपलब्धियों का सिलसिला जारी है और दुनिया इसका लोहा मान रही है। अब एक और खुश करने वाली रिपोर्ट आई है, जो विश्व बैंक ने जारी की है, जिसमें भारत में अत्यधिक गरीबी में आई उल्लेखनीय कमी की रोशनी है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय एवं ऐतिहासिक उपलब्धि कही जा सकती है।**

# गरीबी के साथ आर्थिक असमानता दूर करने का लक्ष्य हो

(ललित गर्ग)

विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहलों, तेज आर्थिक सुधारों और जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच का ही यह नतीजा है कि गरीबी दिन-ब-दिन तेजी से घट रही है।

भारत एक ओर जहां लगातार तेज ग्रोथ करते हुए बीते दिनों जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बना, तो वहीं उपलब्धियों का सिलसिला जारी है और दुनिया इसका लोहा मान रही है। अब एक और खुश करने वाली रिपोर्ट आई है, जो विश्व बैंक ने जारी की है, जिसमें भारत में अत्यधिक गरीबी में आई उल्लेखनीय कमी की रोशनी है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय एवं ऐतिहासिक उपलब्धि कही जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन के ग्यारह स्वर्णिम वर्षों में गरीबी को कम करने के लिए सामूहिक कार्रवाई की ज़रूरत पर ज़ोर दिया है, गरीबों के संघर्षों और उनकी चिंताओं को सुनकर, उन्हें गरीबी से बाहर आने में मदद करके और अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करके उन्होंने गरीब उन्मूलन की योजनाओं को जमीन पर उतारा है। मोदी सरकार ने गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा है। उनकी दृष्टि में गरीबी को खत्म करना सिर्फ़ गरीबों की मदद करना नहीं है - बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का मौका देना है।

विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहलों, तेज आर्थिक सुधारों और जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच का ही यह नतीजा है कि गरीबी दिन-ब-दिन तेजी से घट रही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार रोजगार में वृद्धि हुई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। भारत ने बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी जबरदस्त प्रगति की है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) 2005-06 में 53.8 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 16.4 प्रतिशत और 2022-23 में 15.5 प्रतिशत हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों और सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर फोकस पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच को बढ़ाया है। डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी), डिजिटल समावेश और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे ने अंतिम जन तक लाभों की पारदर्शिता और तेज वितरण सुनिश्चित किया है। इससे 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी पर पार पाने में मदद मिली है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को संबल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं और उनका बेहतर क्रियान्वयन किया है। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 34.44 करोड़ से घटकर 7.52 करोड़ रह गई है। पूरे भारत में अत्यधिक गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जिसमें प्रमुख राज्यों ने गरीबी में कमी लाने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पांच बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और बंगाल में 2011-12 में देश के 65 फीसदी अत्यंत गरीब लोग थे। इन पांच राज्यों ने ही 2022-23 तक गरीबी कम करने में दो-तिहाई का योगदान दिया है।



विश्व बैंक ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारत से गरीबी उन्मूलन की योजनाओं एवं सोच से प्रेरणा लेने की बात कही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की 45 प्रतिशत आबादी गरीबी में है। भारत की गरीबी दर 5.3 प्रतिशत और पाकिस्तान की 42.4 प्रतिशत है। इसका सबसे बड़ा कारण पाक अपना सारा ध्यान आतंकवाद एवं आतंकवादियों के पोषण पर देता है, गरीबी दूर करना उसकी योजनाओं एवं नीतियों में दूर-दूर तक नहीं है। इसीलिये भारत ने वैश्विक मंचों पर पाक पर यह आरोप भी लगाया है कि वह अंतरराष्ट्रीय सहायता का दुरुपयोग आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है। भारत ने विश्व बैंक और आईएमएफ जैसे संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे पाक को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा करें, क्योंकि इसका उपयोग आम लोगों के कल्याण के बजाय सैन्य खर्च और आतंकवादी गतिविधियों में हो रहा है। हाल के पाहलगाम हमले के बाद भारत ने इस मुद्दे को और जोरदार तरीके से उठाया, जिसमें उसने पाक के सैन्य बजट में 18 प्रतिशत वृद्धि और सामाजिक कल्याण पर कम खर्च को उजागर किया। गरीबी किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन है। यह न केवल अभाव, भूख और पीड़ा का जीवन जीने की ओर ले जाती है, बल्कि मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं के आनंद का भी बड़ा अवरोध है। पाक में यही स्थितियां देखने को मिल रही है।

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत ग्यारह वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है। लेकिन जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। गरीबी-अमीरी के बीच के बढ़ते फासले को कम करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं।

भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में गरीबी रेखा नहीं होनी चाहिए। अब तक यह रेखा उन कर्णधारों के लिए शर्म की रेखा बनी रही है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए थी। एक बड़ा प्रश्न था कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी? जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा? गांधी और विनोबा ने सबके उदय एवं गरीबी उन्मूलन के लिए 'सर्वोदय' की बात की। लेकिन राजनीतिज्ञों ने उसे निज्योदय बना दिया था। 'गरीबी हटाओ' में गरीब हट गए। अब तक जो गरीबी के नारे को जितना भुना सकते थे, वे सत्ता प्राप्त कर सकते थे। लेकिन अब मोदी सरकार गरीबी उन्मूलन के लिये सार्थक प्रयत्न कर रही है। मोदी सरकार की तकनीकी प्रेरित सेवाओं में उछाल के चलते, वर्ष 2000 के बाद विकास मॉडल ने गरीब वर्ग को लाभान्वित किया है। निर्विवाद रूप से सामाजिक न्याय के लिये गरीबी कम करने के साथ, कमजोर तबकों के लिये सम्मान, समानता और नीतियों में लचीलापन जरूरी है। वास्तव में गरीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं। आर्थिक कल्याणकारी नीतियों का मकसद मुफ्त की रेवड़ियां बांटना न होकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना होना चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थायी रूप से कम किया जा सकता है।लेखक, पत्रकार, स्तंभकार। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# द बंगाल फाइल्स-सच, साज़िश और नरसंहार की अनकही दास्तान

(दीपा लाभ)

विवेक अग्निहोत्री की फ़िल्में इतिहासनिष्ठ कथाएँ होती हैं, जैसे 'कश्मीर फाइल्स', 'ताशकंद फाइल्स' जो दबे हुए सत्य उजागर करने की धृष्टता करते हैं। विवेक अग्निहोत्री अपनी फिल्मों में बोल्ड टोन के लिए प्रख्यात हैं।

आज रिलीज़ हुआ 'द बंगाल फाइल्स- राइट टू लाइफ' का टीज़र एक बार फिर विवेक रंजन अग्निहोत्री की साहसपूर्ण कहानी शैली का परिचायक है। 'द बंगाल फाइल्स' 1940 के दशक में बंगाल में हुए साम्प्रदायिक हिंसा (विशेष रूप से डायरेक्ट एक्शन डे और नोहाखली दंगों) पर आधारित है। यह एक ऐसी घटना है जिसे अक्सर इतिहास की धुंध में गुम कहा जाता है, और अग्निहोत्री इसे हिन्दू नरसंहार की रूपरेखा में पेश करते हैं। टीज़र में दी गई पिवोटल लाइन - आईएफ कश्मीर हर्ट यू, बंगाल विल हंट यू' साफ इशारा करती है कि यह सिर्फ क्षेत्रीय ट्रैजिक स्टोरी नहीं, बल्कि एक इतिहास की परतों को उजागर करने वाली राजनीतिक-भावनात्मक फिल्म है।

यह फ़िल्म दर्शकों, विशेषकर विवेक अग्निगोत्री के फैन्स के लिए बेहद ख़ास होगी। गंभीर, अँधेरी और बेचैन करने वाली टोन, टीज़र में देवी दुर्गा की जलती मूर्ति, तीखा संवाद, और कण-कण में यथार्थ का अहसास रोमाँच के लिए पर्याप्त है। मिथुन चक्रवर्ती का जर्जर लुक, जलते जीभ के साथ संविधान का उद्घोष- एक मेमोरेबल इमोशनल पल क्रिएट करता है। इतिहास से जुड़ी संवेदनशीलता को टीज़र ने बखूबी दर्शाया है जो एक ऐतिहासिक अनुसंधान की तैयारी लगती है - दर्शक व्यथित भी होंगे और सोचने के लिए मजबूर भी।

विवेक अग्निहोत्री की फ़िल्में इतिहासनिष्ठ कथाएँ होती हैं, जैसे 'कश्मीर फाइल्स', 'ताशकंद फाइल्स' जो दबे हुए सत्य उजागर करने की धृष्टता करते हैं। विवेक अग्निहोत्री अपनी फिल्मों में बोल्ड टोन के लिए प्रख्यात हैं। संवेदनशील, विवादित



विषयों पर निर्भीक दृष्टिकोण के कारण आलोचकों से टकराव स्वाभाविक है, किन्तु बन्दे में दम हैङ्क वे अपनी प्रक्रिया जारी रखते हैं। उनकी कहानी में सेंटिमेंट और पॉलिटिक्स का अनूठा संगम होता है।

क्रिटिक्स कहते हैं- 'द बंगाल फाइल्स' टीज़र पर अब तक कोई पूर्ण समीक्षा नहीं आई है, लेकिन 'कश्मीर फाइल्स' और 'टाशकंद फाइल्स' के लिए आलोचकों ने कहा था कि उनमें सच बोलने की हिम्मत है, अनसुने पहलुओं को सामने लेकर आये हैं और स्टोरीटेलिंग में इमोशनल इंटेंसिटी है। साथ ही, उन पर एकतरफा व्याख्या, ऐतिहासिक तथ्यों की चुनिंदा प्रस्तुति और सामाजिक विभाजन को बढ़ाने के आरोप भी लगाए गए। अग्निहोत्री खुद सोशल मीडिया पर ट्रोल्स को जवाब देते हैं। कश्मीर फाइल्स की अप्रत्याशित सफलता उन्हें अपने प्रशंसकों का ख़ास बनाती है।

फ़िल्म दमदार कलाकारों से लैस है। मिथुन चक्रवर्ती, अपने रग्गड, दाढ़ी वाले लुक में दिखते हैं। संवेदनशील लोकतंत्र के उद्घोषक के रूप में उनकी आवाज़ में इतिहास का दर्द झलकता है। अनुपम खेर, पल्लवी जोशी, दर्शन कुमार, पुणीत इस्सर, गोविंद नामदेव अनुभवी कलाकारों का समूह, जिनकी उपस्थिति फिल्म को करिश्माई बनाती है। बच्चू मान, नमाशी चक्रवर्ती (मिथुन के पुत्र) युवा और वरिष्ठ प्रदर्शन का संयोजन, कहानी में पीढ़ीगत संवेदनाएँ जोड़ते हैं। टीज़र में देवी दुर्गा की जलती मूर्ति--बंगाल की सांस्कृतिक विरासत को नीति नाटकीय रूप में उभारता है।

'द बंगाल फाइल्स- राइट टू लाइफ' का टीज़र विवेक अग्निहोत्री स्टाइल का संक्षिप्त, तीखा और भावनात्मक प्रदर्शन है। यह एक जागरूकता और प्रेरणा देने वाली फिल्म होगी जो इतिहास की असहज परतें खोलती है। विरोधाभासी प्रतिक्रियाएँ, जहाँ तारीफ़ भी मिलेगी और विवाद भी होंगे, जैसे उनकी पिछली फिल्मों को मिला। सशक्त अभिनय, जहाँ मिथुन जैसी इंडियन आइकन बस उपस्थित होकर ही कहानी को मजबूती देते हैं। अग्निहोत्री के ट्रिलॉजी के तहत, यह तीसरा अध्याय बंगाल की साम्प्रदायिक त्रासदियों को नयापन, संवेदना और बहस के ज़रिए सामने लाएगा। यहाँ गौर करने वाली बात है, पहले 'द दिल्ली फाइल्स' के नाम से रिलीज़ होने वाली फ़िल्म अब 'बंगाल फाइल्स' के नाम से आई है। अतः यह कहना गलत नहीं होगा कि इस कड़ी में हमें एक और फ़िल्म देखने को मिल सकती है जो दिल्ली के गहरे राज़ उजागर करेगी। सत्य को जनता के सामने लाने का बीड़ा उठाने वाले विवेक अग्निहोत्री की इस फ़िल्म का भी उनके प्रशंसक बेसब्री से इंतज़ार करेंगे। बहरहाल, 'द बंगाल फाइल्स' के टीज़र ने पहले ही दर्शकों की जिज्ञासा जगाई है- ऑस्कर, आरोप, आलोचना- सब कुछ सामने आने वाला है 5 सितंबर 2025 को। (लेखक स्वतंत्र पत्रकार, बर्लिन, जर्मनी (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## वर्ग पहेली 5761

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | 13 | | ■ |
| 14 | | ■ | ■ | 15 | | | 16 |
| 17 | | | ■ | | ■ | 18 | |
| ■ | | ■ | 19 | ■ | 20 | ■ | |
| 21 | | | | ■ | 22 | 23 | |
| | ■ | ■ | 24 | | | | ■ |

संकेत: बाएं से दाएं
1. 17 जुलाई 1919 का इस देश संविधान अंगीकार किया गया (4)
4. यह कीड़ों द्वारा बनाया गया एकलौता ऐसा पदार्थ है जिसे इंसानों द्वारा खाया जाता है (3)
7. ऊनी कालीन या मोटे गद्दे को यह भी कहते है (3)
9. हमला या आक्रमण करने की क्रिया, सप्ताह का दिन (2)
10. प्रस्थिति, प्रेषिति, गमन (3)
12. प्रकार, जेवर, आभूषण (3)
14. शरीर रोम, पशु रोम (2)
15. पुराणानुसार अमृत मंथन के समय निकला प्रचंड विष (4)
17. दयावान, कृपालु, हमदिल (3)
18. केशलता, बालों का वह गुच्छा जो गाल प लटके (2)
21. शासक मंडल, हुक्मरान, शासक वर्ग (4)
22. पृथ्वी के भूपटल पर निकले और समतल क्षेत्र यह कहलाते है (3)
24. शैन, शनै आगे प्रेषित करना, अपनी जगह से हिलाना (4)

ऊपर से नीचे
1. उत्तरप्रदेश का यह स्थान कांच के उद्योग के कारण प्रसिद्ध है (5)
2. जननेन्द्रीय, लिंगीय (3)
3. कश्मीर की एक प्रसिद्ध झील (2)
5. विविध भारती से नाटकों पर आधारित प्रसारित होने वाला एक दैनिक कार्यक्रम (5)
6. भाव, मूल्य, निर्ख (2)
8. आलेप, प्रलेप, लोशन (4)
11. वृत्ताकार, गोलाई लिए हुए (5)
13. पुराणानुसार विभीषण की बड़ी बेटी का नाम (2)
16. पैडिट, प्रालंब (4)
19. एक प्रकार का मादक पदार्थ (3)
20. वेस्टइंडीज के ग्रेटर एंटीलीज समूह का द्वीप जिसकी राजधानी किंगस्टन है (3)
21. कठोर व्यवहार, निर्दयता (2)
23. आखेटचारा, चबैना, कण (2)

### वर्ग पहेली 5760 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | ज | रा | इ | ल | ■ | रू | स |
| ब | ल | वी | र | ■ | ज | ना | ब |
| ति | या | ■ | ला | ल | ■ | लै | ब |
| दा | न | व | ■ | ह | म | ला | ■ |
| ई | ■ | ह | स | र | त | ■ | ■ |
| ■ | रा | शि | ■ | दा | ल | सौ | टी |
| मृ | ग | या | ■ | र | ब | ■ | च |
| ग | ■ | ना | ते | ■ | ■ | दौ | र |

# समझाने के लिए कभी-कभी डांट भी जरूरी

(आनंद कुमार जैन)

ऐसी बात नहीं है कि अभिभावक अपने बच्चों के साथ हमेशा दुर्व्यवहार ही करते हैं या उसे डांटते-पीटते रहते हैं। बल्कि, आज के समय में माता-पिता पहले से अधिक संवेदनशील हैं और बच्चों की परवरिश भी बेहतर करते हैं। लगभग सभी माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे खुश, संतुलित और अच्छे बनें।

देखा जाए, तो बच्चों की परवरिश पहले से बेहतर हो रही है। अब माता-पिता अपने बच्चों के साथ अधिक समय बिताते हैं, उन्हें खुलकर बात करने और अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इसके अलावा, वे बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों और अवसरों में शामिल करने की कोशिश करते हैं, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। अब माता-पिता अपने बच्चों के साथ एक दोस्त की तरह संबंध बनाने की कोशिश करते हैं, जिससे बच्चे अपनी समस्याओं को खुलकर बताने लगे हैं। माता-पिता बच्चों को अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। वे उनकी सिर्फ स्कूली पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित नहीं करते, बल्कि उन्हें विभिन्न प्रकार के कौशल और ज्ञान भी सिखाते हैं। वे बच्चों को अपनी छोटी-छोटी जिम्मेदारियों को संभालने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जिससे वे स्वतंत्र और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। माता-पिता अब बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी अधिक जागरूक हो रहे हैं और उन्हें तनाव व चिंता से निपटने में मदद करते हैं। कुल मिलाकर, आज के मां-बाप अपने बच्चों के विकास के लिए अब अधिक जागरूक और समर्पित हो रहे हैं।

हां, असंवेदनशीलता की इक्का-दुक्का घटनाएं भी सामने आती हैं, मगर उनको अपवाद के तौर पर ही लिया जाना चाहिए। वैसे भी, बच्चों को कभी-कभी डांटना भी जरूरी होता है। इसे यूं समझिए कि जब से स्कूलों में शिक्षकों की पिटाई एक तरह से प्रतिबंधित कर दी गई है, अभिभावक अपने बच्चों के कहीं अधिक शरारती होने की शिकायत करने लगे हैं। यह जरूर है कि बालमन संवेदनशील होता है , लेकिन कभी-कभी अगर हल्की-फुल्की पिटाई हो भी गई, तो उसे सकारात्मक सोच के साथ स्वीकार करना चाहिए। अब तो माता-पिता इसका भी ख्याल रखते हैं कि खुद बच्चे के सामने एक आदर्श उदाहरण बनकर पेश आएं। बच्चे, हम जो कहते हैं, उससे ज्यादा हम जो करते हैं, उससे सीखते हैं। यह बात खास तौर पर उनके जीवन के शुरुआती वर्षों में सच होती है। लिहाजा, माता-पिता भी यह समझने लगे हैं कि उनका बच्चा बड़ा होकर अच्छा इंसान तभी बनेगा, जब वे खुद अच्छे इंसान की तरह पेश आएंगे। (लेखक टिप्पणीकार है)

## आज का राशिफल

### मेष
आज काफी मेहनत करनी पड़ सकती है। आप काफी समय से जिस टारगेट के पीछे दौड़ रहे थे, अब समय है उस पुराने करियर गोल या आर्थिक संकल्प की ओर बढ़ने का है जिसे आपने लंबे समय से टाल रखा था। कोई पुरानी योजना, निवेश या ऋण चुकाने का समय आ गया है। धन को लेकर किया गया प्रयास भविष्य में फल देगा।

### वृष
आज लाभ के योग हैं। आपको कार्यक्षेत्र में नया दायित्व आ सकता है। बॉस आपसे अतिरिक्त काम की उम्मीद रखेंगे, और यह आपके प्रमोशन या बोनस का रास्ता बना सकता है। व्यापार में नई डील की शुरुआत हो सकती है, लेकिन पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। पारिवारिक खर्चों में वृद्धि संभव है, परन्तु कुछ पुराने अटके पैसे वापस भी आ सकते हैं।

### तुला
आज दिन कार्यक्षेत्र में सफलता से भरा होगा। करियर में निर्णय लेने में आप थोड़े असमंजस में रह सकते हैं। खासतौर पर यदि आप किसी अनुबंध या प्रस्ताव से जुड़े हैं तो उसके सभी पहलुओं को स्पष्ट करें। ऑफिस में किसी साथी से विवाद आपकी छवि को प्रभावित कर सकता है। आर्थिक रूप से दिन ठीक रहेगा।

### वृश्चिक
आज दिन सफलता से भरा होगा। यदि आप नौकरी बदलना चाहते हैं या नया बिजनस प्लान कर रहे हैं, तो दिन शुभ है। विशेषकर यदि किसी जानकार या नेटवर्क के माध्यम से अवसर मिल रहा हो। धन की प्राप्ति के योग हैं, लेकिन साथ ही निवेश में सावधानी भी जरूरी है। व्यापार में कोई रुका हुआ ऑर्डर आगे बढ़ सकता है।

### मिथुन
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको नौकरी में कोई जिम्मेदारी भरा कार्य सौंपा जा सकता है, जिससे आपकी क्षमता का परीक्षण होगा। सहकर्मी से सहयोग मिलेगा लेकिन बॉस की उम्मीदें अधिक रहेंगी। आर्थिक रूप से दिन सामान्य है, परंतु आकस्मिक खर्च उभर सकते हैं।

### कर्क
आज दिन सावधानी से काम करने का है। भावनाओं में बहकर आप कार्यस्थल पर कोई गलत निर्णय ले सकते हैं। निवेश करते समय सोच-समझकर चलें, खासकर यदि कोई पुरानी योजना फिर से सामने आ रही हो। आय में स्थिरता रहेगी।

### धनु
आज भाग्य साथ दे रहा है। समय पर निर्णय लेना आपको आर्थिक रूप से आगे बढ़ा सकता है। यदि आप बहुत सोच-विचार में लगे रहेंगे, तो कोई और अवसर आपके हाथ लग सकता है। ऑफिस में पदोन्नति या अतिरिक्त प्रॉजेक्ट मिल सकता है। व्यापार में जल्दीबाजी नुकसानदेह हो सकती है, लेकिन यदि आप सौदे में जल्दी निर्णय लेंगे तो लाभ होगा।

### मकर
आजदिन तरक्की से भरा होगा। यदि आप किसी प्रस्तावित साझेदारी या प्रेम प्रस्ताव के बारे में सोच रहे हैं, तो आर्थिक और पेशेवर स्तर पर उसका मूल्यांकन करें। कार्यस्थल पर बदलाव के संकेत हैं और आपको नई जिम्मेदारियां या नया विभाग मिल सकता है। अपने कौशल को अपडेट करना जरूरी होगा।

### सिंह
आज भाग्य साथ दे रहा है। समय पर निर्णय लेना आपको आर्थिक रूप से आगे बढ़ा सकता है। यदि आप बहुत सोच-विचार में लगे रहेंगे, तो कोई और अवसर आपके हाथ लग सकता है। ऑफिस में पदोन्नति या अतिरिक्त प्रॉजेक्ट मिल सकता है। व्यापार में जल्दीबाजी नुकसानदेह हो सकती है, लेकिन यदि आप सौदे में जल्दी निर्णय लेंगे तो लाभ होगा।

### कन्या
आजदिन तरक्की से भरा होगा। यदि आप किसी प्रस्तावित साझेदारी या प्रेम प्रस्ताव के बारे में सोच रहे हैं, तो आर्थिक और पेशेवर स्तर पर उसका मूल्यांकन करें। कार्यस्थल पर बदलाव के संकेत हैं और आपको नई जिम्मेदारियां या नया विभाग मिल सकता है। अपने कौशल को अपडेट करना जरूरी होगा।

### कुंभ
आज योजनाएं सफल होंगी। लंबे समय से प्रतीक्षित तरक्की या नौकरी में बदलाव का संकेत मिल सकता है। पदोन्नति या नई भूमिका से आपके वेतन और जिम्मेदारियों दोनों में बढ़ोत्तरी होगी। आर्थिक रूप से दिन सकारात्मक है। खासकर यदि आपने हाल में किसी योजना में निवेश किया हो। शेयर या क्रिप्टो में निवेश से लाभ के योग हैं लेकिन जोखिम के साथ। किसी पुराने क्लाइंट से दोबारा संपर्क हो सकता है।

### मीन
आज करियर के मामले में दिन सामान्य रहेगा। आप अपनी योजनाओं के अनुसार काम करते रहेंगे। आप किसी सभा, इवेंट या मीटिंग में हिस्सा ले सकते हैं जो आपकी पर्सनल ब्रांडिंग के लिए फायदेमंद रहेगा। कोई नया कॉन्ट्रैक्ट या क्लाइंट आपकी तरफ आकर्षित हो सकता है। करियर में आगे बढ़ने के लिए नेटवर्किंग आवश्यक है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी नियंत्रण से मुक्त हों मंदिर : देवकीनंदन महाराज

**मथुरा, एजेंसी।** बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर व न्यास गठन पर देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने



कहा है कि वह शुरू से ही मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की मांग करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन बोर्ड बनाकर हिंदू मंदिर एवं तीर्थ स्थलों की व्यवस्था स्थानीय सनातनी भावनाओं के अनुरूप करनी चाहिए। वृंदावन में कंक्रीट का गलियारा न बने, बल्कि स्थानीय लोगों के सहयोग से तुलसी, लता-पता, वृक्षों से सजा मार्ग बने, जिसमें प्रवेश करते समय वास्तविक वृंदावन का आभास हो। गंगोत्री धाम में भागवत कथा कह रहे देवकीनंदन महाराज ने कहा है कि बांके बिहारी मंदिर की परमंपरागत सेवा-पूजा एवं व्यवस्था में बदलाव नहीं होना चाहिये। मुख्य मार्ग चौड़े होने चाहिये लेकिन वृंदावन का सही मायने में विकास तभी माना जा सकता है, जब निर्मल यमुना की जलधारा आने लगे। स्वच्छ यमुनाजल से ठाकुरजी को स्नान कराकर सेवा पूजा की जा सके। ब्रज-वृंदावन मांस और मदिरा से मुक्त हो जाये। बुधवार को कथा के दौरान उन्होने कहा कि तिरुपति मंदिर दुषित प्रसाद मामले के बाद से वह 'सनातन बोर्ड' की मांग इसीलिये करते आ रहे हैं कि मंदिरों की पूजा पद्धिति एवं संस्कृति बची रहे। देवकीनंदन महाराज ने कहा कि नमाज पढ़वाने के लिये सरकार और प्रशासन सड़क पर भी व्यवस्था करवा देते हैं, इसके लिये ट्रैफिक को कंट्रोल कर डायवर्ट तक कर दिया जाता है। फिर बांकें बिहारी जैसे मंदिरों में दर्शन को आने वाले यात्रियों के लिये उचित व्यवस्थाएं क्यों नहीं बनायी जा सकतीं। उन्होंने कहा कि भगवान के दर्शन को पैदल चलकर जाने का शास्त्रीय विधान है। मंदिर से कुछ किलोमीटर दूर वाहन रोककर पैदल जाना चाहिये।

### रामनगरी अयोध्या में 4 कोरोना संक्रमित मिले, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**अयोध्या , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले में कोरोना ने दस्तक दी है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में कोरोना के मरीज मिले हैं। 12 जून को हुई जांच के बाद चार मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। एक साथ चार मरीज कोरोना पॉजिटिव मिलने पर स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने इससे बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी की है। लोगों को सतर्कता बरतने के निर्देश मिल्कीपुर, तारुन बाजार, जिला महिला अस्पताल कालोनी स्थाई पता अम्बेडकरनगर व रामजन्मभूमि परिसर निवासी रुद्रपुर देवरिया के रहने वाले कोविड पॉजिटिव मिले हैं। एक साथ कोविड के चार मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया है। विभाग ने लोगों को भीड़ भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने व मास्क तथा सेनिटाइजर का इस्तेमाल करने की सलाह दी है। अयोध्या सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बनियान ने बताया कि जनपद के चार केस कोरोना पॉजिटिव आए है। उसमें दो मरीज केजीएमयू लखनऊ में भर्ती है। कोरोना काल के दौरान जिस तरह से सावधानी लोगो ने बरती थी। अब उसे पुनः अपनाया जाना है। लोग भीड़-भाड़ वाले इलाकों व शादी समारोह में न जाएं। यदि जाना पड़े तो व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों का पालन करें। जिन्हें शुगर व हाई ब्लडप्रेशर है, वह अपना खास ख्याल रखे। अगर भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाना पड़े तो मास्क व सेनेटाइजर का अवश्य इस्तेमाल करें। साबुन से हाथ धोते रहे। छींकते समय मुंह ढक लें। यदि कोविड के लक्षण दिखते है तो तुरंत जांच कराए। अगर जांच पाजिटिव आती है तो घर पर ही रहे।

### सीतारमण के खिलाफ सोमनाथ भारती की पत्नी की मानहानि याचिका पर 26 जून को सुनवाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा की ओर से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि शिकायत की सुनवाई के लिए 26 जून की तारीख तय की है। लिपिका मित्रा ने सीतारमण पर आरोप लगाया है कि वित्त मंत्री ने सोमनाथ भारती से उनके (लिपिका के) वैवाहिक विवाद को लेकर बयान दिए थे। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने सीतारमण के वकील के अनुरोध पर सुनवाई स्थगित कर दी। न्यायाधीश ने मित्रा के वकील को शिकायत की एक प्रति विपक्षी पक्ष को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। न्यायाधीश ने कहा, ''आरोपी पक्ष द्वारा वकालतनामा (वकील की नियुक्ति से संबंधित दस्तावेज) दाखिल करने के लिए समय मांगा गया।'' न्यायाधीश ने यह भी कहा, ''हालांकि समन विधिवत तामील हो गया है और इसकी पावती मिल गयी है। आरोपी पक्ष ने शिकायत की एक प्रति मांगी है। शिकायतकर्ता पक्ष कथित अपमानजनक सामग्री/साक्षात्कार के लिंक के साथ इसकी सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराने के लिए सहमत है।'' उन्होंने कहा, ''मामले पर विचार के लिए 26 जून, 2025 की तारीख तय की जाए।'' सीतारमण पर 17 मई, 2024 को एक प्रेस वार्ता में भारती की प्रतिष्ठा को धूमिल करने और आम चुनावों में उनकी जीत की संभावनाओं को कमजोर करने के इरादे से अपमानजनक, झूठे और दुर्भावनापूर्ण बयान देने का आरोप लगाया गया है।

# जिंदा हैं पर खुश नहीं; प्लेन क्रैश में अकेले बच गए विश्वास रमेश क्यों गमगीन

## अहमदाबाद विमान हादसे में कैसे बचाई अपनी जान? रमेश ने बताया- आग लगने से पहले ही लगा दी छलांग

**अहमदाबाद, एजेंसी।** विश्वास कुमार रमेश अहमदाबाद प्लेन क्रैश में अकेले जिंदा बचे शख्स। 242 लोगों की लाश के ढेर से जिंदा निकलकर भागे विश्वास रमेश की किस्मत और हिम्मत की बात हो रही है। लेकिन विश्वास बेहद गमगीन हैं। क्योंकि वह खुद बच गए लेकिन उनके सगे भाई इस हादसे का शिकार हो गए। एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद से उड़ान भरते ही क्रैश हो गया। हादसे में विश्वास को छोड़कर सभी यात्रियों, क्रू मेंबर्स और हादसे वाली जगह पर मौजूद लोगों समेत 265 की मौत हो गई। 40 साल के विश्वास कुमार रमेश भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक हैं। वह भारत में अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए आए थे। इस यात्रा में विश्वास के बड़े भाई अजय कुमार भी साथ थी। दोनों एक साथ ही इस विमान में सवार हुए थे। विश्वास की सीट 11 थी लेकिन उनके भाई को अन्य कतार में सीट दी गई थी। हादसे के बाद विश्वास किसी तरह बचकर निकलने में कामयाब रहे, लेकिन उनके भाई की जान नहीं बच पाई। हादसे के तुरंत बाद विश्वास ने अपने पिता को वीडियो कॉल करके बताया कि प्लेन क्रैश हो गया है, वह बच गए हैं, लेकिन भाई कहीं नहीं दिखे। बाद में गुजरात पुलिस की ओर से जानकारी दी गई कि एक



व्यक्ति को छोड़कर सभी यात्रियों की मौत हो गई है। विश्वास कुमार ने कहा, टेक ऑफ के 30 सेकेंड बाद ही बहुत तेज आवाज हुआ और प्लेन क्रैश हो गया। सबकुछ बहुत जल्दी हुआ। मुझे खुद विश्वास नहीं हो रहा है कि मैं कैसे बचा। कुछ समय के लिए लगा मैं भी मर गया। लेकिन आंख खुली तो देखा कि मैं जिंदा हूं। वहां थोड़ी सी जगह मिली और मैं बाहर निकल गया। मेरे सामने ही सब मरे हुए थे। अपने पास अब भी बोर्डिंग पास रखे विश्वास ने एचटी से बातचीत में कहा, जब मैं खड़ा हुआ हर तरफ लाशें थीं। मैं डरा हुआ था। मैं खड़ा हुआ और भागा। चारों तरफ प्लेन के टुकड़े बिखरे हुए थे। किसी ने मुझे पकड़ा और एंबुलेंस में बिठाया जिससे मुझे अस्पताल लाया गया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने भी विश्वास से मुलाकात की और उनसे जानकारी ली। अपने भाई को खोने की वजह से गमगीन विश्वास ने कहा, वह मेरे साथ यात्रा कर रहे थे, लेकिन अब वह मुझे नहीं मिल रहे।विश्वास 20 साल से अपने परिवार के साथ लंदन में रह रहे हैं। उनकी पत्नी और बच्चे भी वहीं हैं। क्रैश के बाद कुछ वीडियो में विश्वास घायल अवस्था में चलते हुए दिखाई दिए थे। विश्वास की छाती, आंख और पैर पर चोट के निशान हैं। अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया है। वह अब सामान्य बातचीत कर रहे हैं और मीडियाकर्मियों को हादसे की पूरी कहानी बयां कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, रमेश विमान के इमरजेंसी एक्जिट के पास सीट 11 पर बैठे थे। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उसमें आग लगने से पहले उन्होंने छलांग लगाकर अपनी जान बचा ली। पुलिस अधिकारी विधि चौधरी ने बताया कि आपातकालीन दरवाजे के पास बैठने के कारण रमेश को बाहर निकलने का मौका मिला, जो उनकी जान बचाने में निर्णायक साबित हुआ। चारों ओर लाशें थीं, मैं डर गया अस्पताल के बिस्तर से मीडिया से बात करते हुए रमेश विश्वेशकुमार ने कहा, जब मैं उठा तो मेरे चारों ओर लाशें थीं। मैं डर गया था। मैं खड़ा हुआ और भागा। विमान के टुकड़े हर तरफ बिखरे थे। किसी ने मेरी मदद की और मुझे एंबुलेंस में ले गया। हादसे के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में रमेश खून से सने सफेद टी-शर्ट में, लंगड़ाते हुए, सड़क पर चलते दिखे। उनके चेहरे पर चोटें थीं और चिकित्सा कर्मचारी उनकी मदद कर रहे थे। परिवार में मातम, भाई का अभी तक कोई पता नहीं रमेश अपने भाई अजय के साथ अपने परिवार से मिलने भारत आए थे। दोनों भाई लंदन लौट रहे थे जब यह हादसा हुआ। रमेश के चचेरे भाई अजय वालगी ब्रिटेन के लीसेस्टर में रहते हैं। उन्होंने बीबीसी से कहा, रमेश ने सिर्फ इतना कहा कि वह ठीक हैं और कुछ नहीं बताया। हमें उनके भाई के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है।

### स्वामी नारायण भगवान ने बचा लिया.. अहमदाबाद में क्रैश होने वाले प्लेन को छोड़ने वाले यात्री

**अहमदाबाद , एजेंसी।** अहमदाबाद में क्रैश हुए विमान में करीब 200 से ज्यादा लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि कई लोगों का इलाज स्थानीय सिविल अस्पताल में जारी है। अब इस घटना से जुड़ी की जानकारियां और लोगों की कहानियां सामने आ रही हैं। कई लोग ट्रैफिक में फंसने की वजह से अपनी फ्लाइट नहीं पकड़ पाए, तो कई लोग किसी और वजह से इस यात्रा पर नहीं गए.. एक समय पर तो उन्हें इसका दुख था कि यह अपनी फ्लाइट को समय रहते पकड़ नहीं पाए, लेकिन बाद में जब फ्लाइट के क्रैश होने की खबर सुनी तो मन ही मन भगवान को शुक्रिया भी कहा कि उनकी जान बचा ली।

ऐसी ही एक कहानी गुजरात के ही सावजी भाई टिंबाडिया की है, जो इस फ्लाइट से लंदन जाने वाले थे। एबीपी न्यूज से बात करते हुए सावजी ने बताया कि मैं अकेला ही इस फ्लाइट में यात्रा करने वाला था, टिकट भी बुक हो चुका था मेरे टिकट का नंबर ए1 था। तभी मेरे अंदर से आवाज आई कि मुझे आज नहीं जाना चाहिए। मुझे लगा कि आज का दिन ठीक नहीं है। इसके बाद मैंने अपनी टिकट को कैंसिल करा दिया और सोमवार को अपना नया टिकट बुक करा लिया।

सावजी से जब प्लेन की हालात के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इस वक्त मुझे पता नहीं है कि वहां पर क्या हुआ लेकिन मैंने इतना सुना है कि प्लेन क्रैश हो गया है। सावजी से जब पूछा गया कि आप बहुत भाग्यशाली रहे कि आप उस विमान में नहीं गए.. इसका जवाब देते हुए सावजी ने कहा कि मैं स्वामी नारायण भगवान का भक्त हूं.. मैं रोज ही उनकी पूजा करता हूं.. और उनके मंदिर जा रहा था । उन्होंने ही मुझे बचाया है।

इससे पहले अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में अभी तक 200 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि कई दर्जन गंभीर रूप से घायल लोगों का इलाज स्थानीय अस्पतालों में चल रहा है। गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा कई और नेता भी वहां पहुंचे हैं। इस हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की भी मृत्यु हो गई है। वह अपनी बेटी से मिलने के लिए लंदन जा रहे थे।

### चंद्रबाबू नायडू ने विमान हादसे पर दुख जताया, रूपाणी को मृदुभाषी नेता के रूप में याद किया


**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि अहमदाबाद में विमान दुर्घटना से वह बहुत दुखी हैं जिसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मौत हो गई। एअर इंडिया ने पुष्टि की है कि बृहस्पतिवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से लंदन जाने वाले उसके विमान में सवार 241 लोग मारे गए। नायडू ने बृहस्पतिवार देर रात 'एक्स' पर लिखा, ''अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में लोगों की मौत ने हमें गहरा दुख पहुंचाया है। अपने प्रियजनों को इस हादसे में खोने वालों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि उन्हें इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति मिले।'' उन्होंने रूपाणी को एक मृदुभाषी और जनता के प्रति समर्पित विनम्र नेता के रूप में याद किया।

बोइंग 787-8 विमान में 230 यात्री और चालक दल के 12 सदस्य सवार थे। अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान की दुर्घटना में मारे गए 68 वर्षीय रूपाणी अपने शांत स्वभाव और दृढ़ प्रशासनिक शैली के लिए जाने जाते थे। रूपाणी अगस्त 2016 से सितंबर 2021 तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

## कौन थी एयरहोस्टेस रोशनी? अहमदाबाद विमान हादसे में गंवाई जान, इंस्टाग्राम पर लंबी फैन फॉलोइंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयरहोस्टेस रोशनी का सपना था आसमान में उड़ान भरना। अपने इंस्टा हैंडल पर नाम के आगे उसने लिखा 'स्काई लव्स हर'। आज रोशनी खुद आसमान में खो गई। रोशनी उसी विमान पर एयरहोस्टेस थी, जो टेकऑफ के चंद सेकंड्स बाद क्रैश हो गया। अपने हौसले से आसमान नापने निकली लड़की उसी आसमान में खो गई। पीछे रह गए हैं तो दर्द में डूबे परिजन, दोस्त और तमाम चाहने वाले। इंस्टाग्राम पर रोशनी के करीब 56 हजार फॉलोवर्स हैं। यहां एक तरफ वीडियो और तस्वीरों में हंसती-खिलखिलाती रोशनी है। दूसरी तरफ उसकी मौत से गमजदा उसके फॉलोवर्स। बड़ी संख्या में लोग रोशनी को अंतिम विदाई दे रहे हैं। सब उसकी हिम्मत और मेहनत को सलाम कर रहे हैं। बता दें कि अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान गुरुवार को क्रैश हो गया। इस हादसे में 265 लोगों की जान चली गई, जिसमें विमान के क्रू मेंबर्स भी शामिल हैं।

**बेहद प्यारी इंसान :** रोशनी की असामयिक मौत पर दोस्त और परिजन गम से बेहाल हैं। वहीं, उसकी इंस्टा फैमिली भी काफी उदास है। रोशनी के वीडियो के साथ की गई एक पोस्ट में लिखा है, 'आरआईपी रोशनी, एक बेहद प्यारी एयर इंडिया केबिन क्रू, एक उभरती हुई सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर, जिसने बोइंग 787 के हादसे में अपनी जान गंवा दी।' बता दें कि यह विमान बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर





गिरा था।

**आसमान था दूसरा घर :** एक अन्य पोस्ट में लिखा है, तुम बहुत जल्दी चली गई रोशनी। हम तुम्हें कभी भूल नहीं पाएंगे। आगे लिखा है कि उसने हमेशा पूरी शिद्दत के साथ अपना काम किया। यह उसका पसंदीदा काम था। जिन बादलों के ऊपर वह उड़ान भरती थी, उससे भी कहीं ज्यादा बड़ा उसका दिल था। हमेशा मुस्कुराने वाली और दूसरों का ख्याल रखने वाली। इस पोस्ट में आगे लिखा है कि आसमान उसके लिए दूसरा घर था और अब वह हमेशा के लिए वहीं, बस गई।

**एयर होस्टेस बनना था सपना :** बता दें कि रोशनी, डोंबीवली इलाके के मधाबी बंगलो इलाके की रहने वाली थी। यहां पर वह अपने पिता और भाई के साथ रहती थी। एक रिश्तेदार के मुताबिक रोशनी का सपना एयर होस्टेस बनने का था। इसके लिए उसने हाल ही में एयर इंडिया ज्वॉइन की थी। रोशनी के एक रिश्तेदार ने बताया कि वह बुद्धिमान और समझदार लड़की थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद उसने जो चाहा, हासिल किया। पड़ोसियों के लिए उसकी एयर इंडिया की पोशाक गर्व का विषय थी।

## अहमदाबाद विमान हादसा, प्रत्यक्षदर्शियों ने बयां की आंखों देखी, बोले 'कभी नहीं भूल पाएंगे, हमारी जिंदगी का ब्लैक डे जैसा'

**अहमदाबाद , एजेंसी।** गुजरात के अहमदाबाद विमान हादसा रोंगटे खड़े करने वाला था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहले हमें आसमान में काला धुआं दिखा, तो लगा कि कहीं आग लगी होगी। इसके बाद पता चला कि एयर इंडिया का विमान क्रैश हो गया। विमान में बहुत से लोग सवार थे। ऐसे में किसी का बच पाना मुश्किल था। घटनास्थल से महज दो किलोमीटर दूर रहने वाले जयराम रमेश ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि प्लेन क्रैश के बारे में आसपास के लोगों को जैसे ही जानकारी मिली, तो सभी सहम गए। हमें बताया गया कि एयर इंडिया का विमान क्रैश हो गया। कोई भी बच नहीं पाएगा।

जयराम बताते हैं, प्लेन क्रैश के बारे में जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। यह हादसा बहुत ही भयावह था। फिर मैं सुबह यहां (घटनास्थल) आया। मैंने सोचा कि एक बार यहां पर जाकर देखूं। लेकिन, यहां पर फिलहाल बड़ी संख्या में पुलिस सहित अन्य अधिकारी मौजूद हैं,



जो पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। यहां अभी किसी भी आम नागरिक को जाने की इजाजत नहीं है।

प्रत्यक्षदर्शी राकेश मिश्रा ने भी प्लेन क्रैश के बारे में बताया। उन्होंने कहा, पूरा प्लेन आग के गोले में तब्दील हो चुका था। मंजर देखकर लग रहा था कि किसी का भी बच पाना मुश्किल ही है। आसपास के लोग भी कुछ भी करने की स्थिति में नहीं थे, क्योंकि यह प्लेन आग के गोले में बदल चुका था। ऐसी स्थिति में कुछ भी नहीं किया जा सकता था। वे बताते हैं कि हादसे के बारे में जानकारी मिलने के बाद फौरन पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच चुकी थी। लेकिन, कुछ भी नहीं किया जा सकता था, क्योंकि तब तक बहुत बड़ा हादसा हो चुका था। हमें इस बात का बहुत दुख है। घटनास्थल से महज 500 मीटर दूर रहने वाले प्रत्यक्षदर्शी सूरज भाई बताते हैं कि हमें जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी। इसके बाद हम सभी घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। लेकिन, कुछ कर पाना मुश्किल था। अभी घटनास्थल से शवों को निकालने की प्रक्रिया जारी है। बोले, मेरी 54 साल की उम्र है। मैं अपनी जिंदगी में कभी ऐसा हादसा नहीं देखा था। यह हमारे लिए ब्लैक डे के जैसा है। जिसे हमें अपनी जिंदगी में कभी नहीं भूल पाएंगे।

बता दें कि गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को एयर इंडिया का विमान टेकऑफ के दौरान क्रैश हो गया था। इस विमान में 242 लोग सवार थे। इनमें से 241 लोगों की मौत की पुष्टि एयर इंडिया की तरफ से की जा चुकी है और एक शख्स बच गया है, जिसका अभी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## सोनम के परिवार ने माना उसे गुनहगार, भाई गोविंद ने खोला बहन के खिलाफ मोर्चा

**इंदौर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के इंदौर के रहने वाले राजा रघुवंशी की हत्या में अब नया मोड़ आ गया है। राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी को उनका परिवार भी इस हत्याकांड का आरोपी मानने लगा है। फिलहाल, इस मामले की जांच जारी है और पुलिस पांचों आरोपियों को मेघालय के शिलॉन्ग ले गई है। आरोप हैं कि सोनम ने अपने कथित आशिक राज कुशवाह और उसके साथियों के साथ मिलकर राज को हनीमून ट्रिप के दौरान मौत के घाट उतार दिया था। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में सोनम के भाई गोविंद ने कहा, सोनम की इसमें भूमिका होगी। राज कुशवाह, विशाल और अन्य लोगों का चैनल सोनम के जरिए ही बना है और यह इस कांड में उसके शामिल होने की पुष्टि करता है। इसलिए मेरा मानना है कि उसकी भूमिका है। उन्होंने कहा कि वह सच नहीं जानते थे, नहीं तो इस शादी को नहीं होने देते। गोविंद का कहना है कि उन्होंने अपनी बहन के खिलाफ लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, राज कुशवाह मेरी कंपनी में कर्मचारी था। वह गोदाम का प्रबंधन देखता था और माल डिलीवरी के लिए निकलवाता था। जितेंद्र रघुवंशी मेरा रिश्तेदार है और उसकी राजा की हत्या में कोई भूमिका नहीं है...। दोनों ही परिवार शादी के लिए तैयार थे और दोनों (पति और पत्नी) ने साथ मिलकर शादी के लिए शॉपिंग की थी। उन्होंने कहा,



...ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि मुझे सच्चाई नहीं पता थी। नहीं तो मैं यह शादी नहीं होने देता...। मैंने सोनम के खिलाफ लड़ने का फैसला किया है...। मुझे राजा पसंद था, क्योंकि मैंने उसमें बहुत अच्छी चीजें देखी थीं। पुलिस ने क्या कहा इससे पहले मेघालय में ईस्ट खासी हिल्स पुलिस ने भी घटना से जुड़े अहम खुलासे किए थे। एसपी विवेक सैयम ने कहा था कि इस हत्या को राज कुशवाह ने अंजाम दिया था, जिसकी पहचान इस हत्या के मास्टरमाइंड के तौर पर हुई है। उन्होंने कहा कि सोनम उसके साथ शामिल थी। उन्होंने कहा था, तीन और लोग जो शामिल थे, वो दोस्त थे। उनमें से एक राज का कजिन था। यह कॉन्ट्रैक्ट किलिंग नहीं है। उन लोगों ने दोस्ती में ऐसा किया था।

## मिर्च रगड़ी, मुंह काला कर घुमाया, जादू-टोने के शक में क्रूरता की हदें पार, अब हुई एफआईआर

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में होलिका दहन की रात एक ऐसी घटना ने सबको झकझोर दिया, जहां जादू-टोने के शक में तीन लोगों को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा गया। यह खौफनाक मामला अब सुर्खियों में है, क्योंकि पुलिस ने 21 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**क्या है मामला :** 13 मार्च की रात, जब पूरा गांव होली की तैयारी में डूबा था, तब तिलक साहू, नरेश साहू और अमर सिंह साहू पर जादू-टोने का इल्जाम लगा। शिकायत के मुताबिक, गांव के श्मशान में इन तीनों को देखकर कुछ लोगों ने उन्हें काला जादू करने का शक जताया। इसके बाद शुरू हुआ अमानवीय अत्याचार का सिलसिला।

**बंधक बनाकर की गई हैवानियत :** आरोपियों ने तीनों पीड़ितों को बंधक बनाया और उनकी जिंदगी को नर्क बना दिया। शिकायत में बताया गया कि पीड़ितों के कीमती सामान लूट लिए गए, उनके गले में चप्पलों की माला पहनाई गई, चेहरों पर काला रंग पोता गया, गांव में अर्धनग्न हालत में घुमाया गया, जख्मों पर मिर्च पाउडर रगड़ा गया यहां तक की बेहोश होने के बाद भी यातनाएं जारी रहीं। यह क्रूरता देखकर



किसी का भी दिल दहल जाए।

**कोर्ट के आदेश पर एफआईआर :** यह घटना भले ही मार्च में हुई, लेकिन पुलिस ने एफआईआर 9 जून को दर्ज की। पीड़ितों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद रायपुर की स्थानीय अदालत ने पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया। भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत 21 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

**पुलिस की जांच में क्या सामने आया :** रायपुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया, श्मशान में काला जादू करने के शक में कुछ लोगों ने पीड़ितों को पकड़कर मारपीट की। कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज किया गया है। स्कने पुष्टि की कि 21 आरोपियों के नाम सामने आए हैं, और जादू-टोने के दावों की सत्यता की जांच की जा रही है। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। जादू-टोने के शक और इसकी आड़ में हुई हिंसा के पीछे की सच्चाई जल्द सामने आने की उम्मीद है। इस घटना ने एक बार फिर सामाजिक अंधविश्वास और हिंसा के गंभीर मुद्दे को उजागर किया है।

## 5वां केयर्न्स कप शतरंज : हम्पी और हरिका नें खेला ड्रॉ ,यूएसए की ऐलिस ली को एकल बढ़त

**सेंट लुइस(एजेंसी)।** यूएसए में चल रही दुनिया की सबसे मजबूत महिला प्रतियोगिताओं में से एक केयर्न्स कप के दूसरे राउंड के बाद यूएसए की युवा इंटरनेशनल मास्टर ऐलिस ली ने दोनों मुकाबले जीतकर बढ़त बना ली है । पहले राउंड में जहां पांचों बोर्ड पर जीत और हार के परिणाम आए थे दूसरे राउंड सिर्फ दो बाजियों में जीत और हार का फ़ैसला हुआ, जबकि बाकी तीन बाज़ियाँ बेनतीजा रहीं। इस राउंड की सबसे खास जीत दर्ज की ऐलिस ली ने उन्होने यूक्रेन की अनुभवी खिलाड़ी मारिया मुझिचुक को हराया और जॉर्जिया की नाना डज़गनिद्ज़े ने कज़ाकिस्तान की बीबिसारा असाउबायेवा को पराजित किया।



पहले राउंड में जीत के साथ शुरुआत करने वाली भारत की कोनेरू हम्पी ने चीन की तान झोंगयी को काले मोहरों से ड्रॉ पर रोका। खेल की शुरुआत इंग्लिश ओपनिंग से हुई और मिडलगेम तक पहुँचते-पहुँचते हम्पी ने झोंगयी के राजा पर प्यादों से हमला करना शुरू कर दिया। इसके जवाब में झोंगयी ने हम्पी के वजीर के हिस्से पर आक्रमण किया। दोनों खिलाड़ियों ने शानदार बचाव किया और एक-दूसरे पर हावी नहीं होने दिया। 24वी चाल पर वज़ीर और 28वी पर हाथियों की अदला-बदली के बाद खेल विपरीत रंग के ऊंटों के एंडगेम में बदल गया, और कुछ चालों के बाद दोनों खिलाड़ियों ने चाले दोहरा कर खेल को ड्रॉ के रूप में समाप्त किया। भारत की कोनेरू हम्पी, जो इस प्रतियोगिता को 2020 और 2024 में पहले ही जीत चुकी हैं

वहीं हरिका द्रोणावल्ली ने जॉर्जिया की नीनो बत्सियाशविली के खिलाफ काले मोहरों से क्वीन गैम्बिट डिक्लाइन ओपनिंग खेलने का निर्णय लिया। 24वीं चाल पर नीनो ने हरिका को एक प्यादे का लालच दिया और हरिका ने खुशी से वह प्यादा ले लिया और कुछ चालों बाद वापस भी कर दिया। इस खेल में 46वीं चाल पर, हम्पी के खेल की तरह ही, हाथियों की अदला-बदली के बाद खेल विपरीत रंग के ऊंटों के एंडगेम में पहुँच गया और कुछ ही चालों बाद दोनों खिलाड़ियों ने ड्रॉ स्वीकार कर लिया।

हम्पी और हरिका फिलहाल एक जीत और एक ड्रॉ के साथ 1.5 अंक बनाकर सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रही है ।

## हरभजन सिंह ने भारत की नम्बर 3 की समस्या सुलझाई, इंग्लैंड के खिलाफ इसे मौका देने की बात की



**मुंबई (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की आगामी टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने नए नंबर 3 बल्लेबाज के तौर पर साई सुदर्शन का समर्थन किया है। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट से पूर्व हरभजन ने कहा कि सुदर्शन इस भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति होंगे। विदर्भ क्रिकेट लीग के दौरान बोलते हुए हरभजन ने कहा कि सुदर्शन हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में भी शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। हालांकि यह देखना बाकी है कि सुदर्शन को पहले टेस्ट में मौका मिलेगा या नहीं। हरभजन ने कहा, मेरे हिसाब से साई सुदर्शन को तीसरे नंबर पर खेलना चाहिए। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, बेहतरीन फॉर्म में हैं और हाल ही में उन्होंने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी तकनीक अच्छी है और मेरा मानना है कि वह इस स्थान के लिए सही विकल्प हो सकते हैं। श्रेयस अय्यर को टेस्ट दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। इस पर पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने उन्हें टीम में शामिल किए जाने की बात कही थी। अब हरभजन ने भी अय्यर का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, श्रेयस अय्यर बहुत बढ़िया खिलाड़ी हैं। उन्होंने वनडे में खुद को साबित किया है, विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी और आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए हां, उन्हें टीम में होना चाहिए था। लेकिन शायद चयनकर्ता उन्हें अभी लाल गेंद के खिलाड़ी के रूप में नहीं देखते हैं। अगर मैं चयन समिति का हिस्सा होता, तो मैं उनके नाम पर विचार करता। लेकिन यह अंत नहीं है, उनका सफर लंबा है, और वह भविष्य में वनडे कप्तान भी बन सकते हैं। एक दौरा मिस करने का मतलब यह नहीं है कि उनका करियर खत्म हो गया है।

## हैंडबाल के इंडिया कैंप के लिए हिमाचल की आठ बेटियों का चयन, चीन में होने वाली है प्रतियोगिता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन में होने वाली 11वीं एशियन अंडर-18 यूथ वुमन हैंडबाल प्रतियोगिता के लिए इंडिया कैंप में चुनी गई 28 खिलाड़ियों में हिमाचल से आठ महिलाओं को शामिल किया गया है। कैंप के बाद 18 महिला खिलाड़ियों का चयन होना है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए टीम 14 जुलाई को रवाना होगी।

गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय कैंप 13 जुलाई तक चलेगा। कैंप में देशभर की 70 महिला खिलाड़ियों में से 28 को चुना गया है। यहीं से टीम इंडिया को चुना जाएगा। हैंडबाल कोच स्नेहलता ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में गोलकीपर नेहा चौहान और काजल, लेफ्ट बैक शिवानी देवी, लेफ्ट विंग रिद्धिमा, राइट बैक मुस्कान, सेंटर बैक गरिमा, पीवोट कनिष्का और राइट विंग शिक्षा को शामिल किया गया है। शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी से तैयार हुई हैं।

स्नेहलता ने बताया कि कैंप के बाद चयनित 18 सदस्यीय टीम 14 जुलाई को चीन रवाना होगी। जहां 11वीं एशियन अंडर-18 यूथ वुमन हैंडबाल प्रतियोगिता होगी। इस दौरान टीम के साथ मुख्य कोच सचिन और कोच विनॉय, नवीन पुनिया और मनीषा राठौर भी रहेंगे। स्नेहलता ने कहा कि प्रदेश से एक साथ आठ खिलाड़ियों का कैंप के लिए चुना जाना गर्व का विषय है। उम्मीद है कि कैंप के बाद हिमाचल से गई खिलाड़ी टीम इंडिया में भी स्थान बनाएंगी और प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन कर देश का नाम चमकाएंगी।

# मेजर लीग क्रिकेट में मचाया धमाल एलेन ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज फिन एलेन ने अमेरिका की टी20 लीग मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में शानदार पारी खेल कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए वॉशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ खेलते हुए उन्होंने 51 गेंदों पर 151 रन बनाए। इस दौरान एलेन ने 296 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। वॉशिंगटन के गेंदबाजों के लिए एलेन की पारी किसी बुरे सपने की तरह रही। सैन फ्रांसिस्को ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 269 रन बनाए। जवाब में वॉशिंगटन की टीम 13.1 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह यूनिकॉर्न्स ने यह मुकाबला 123 रनों से अपने नाम किया।

### एलेन ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

अपनी इस तूफानी पारी के दम पर एलेन ने कई रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। वह टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 150 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। एलेन 49 गेंदों पर इस उपलब्धि पर पहुंचे। उन्होंने इस मामले में डेवाल्ड ब्रेविस को पीछे छोड़ा जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग में 52 गेंदों पर 150 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, एलेन ने 34 गेंदों पर शतक पूरा किया जो न्यूजीलैंड के किसी बल्लेबाज का टी20 में सबसे तेज सैकड़ा है। यह फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में किसी बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेजी से लगाया गया शतक है। उनसे आगे इस मामले में क्रिस गेल हैं जिन्होंने आईपीएल 2013 में 30 गेंदों पर शतक लगाया था।



### सिर्फ छक्के लगा बनाए 100 से अधिक रन

एलेन ने टी20 की एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने इस मैच में 19 छक्के लगाए और इस मामले में क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान को पीछे छोड़ दिया। गेल और साहिल ने टी20 के एक पारी में 18 छक्के लगाए हैं। एलेन ने 134 रन सिर्फ बाउंड्री से जुटाए जिसमें से 114 रन तो छक्के के द्वारा आए। सिर्फ तीन खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने बाउंड्री के जरिये टी20 में एलेन से ज्यादा रन बनाए हैं। एलेन इसके साथ ही एमएलसी टूर्नामेंट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में निकोलस पूरन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2023 में नाबाद 137 रन बनाए थे।

### आईपीएल नीलामी में रहे थे अनसोल्ड

दिलचस्प बात है कि एलेन को आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला था। एलेन नीलामी में दो करोड़ रुपये के आधार मूल्य के साथ आए थे, लेकिन उन्हें लेने में किसी टीम ने दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। एलेन भले ही आईपीएल 2025 में नहीं खेल सके, लेकिन उन्होंने एमएलसी में अपने दमदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

## मेहदी हसन मिराज को मिली बड़ी जिम्मेदारी, बांग्लादेश वनडे टीम के कप्तान बने



**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज को वनडे टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। 27 वर्षीय मिराज अगले 12 महीनों तक टीम की कमान संभालेंगे। मिराज ने नजमुल हुसैन शांतो की जगह ली है और वह अगले महीने श्रीलंका में बांग्लादेश की आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के दौरान आधिकारिक तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करेंगे। कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद मेहदी हसन मिराज ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जताई। मिराज ने कहा, 'राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करना एक सपने के सच होने जैसा है। बोर्ड ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। मुझे इस टीम पर पूरा भरोसा है। हमारे पास निडर क्रिकेट खेलने का कौशल और मानसिकता है। मैं चाहता हूं कि हम आत्मविश्वास से भरे रहें, प्रतिबद्ध रहें और देश के लिए दिल से खेलते रहें। ऑफ-स्पिनिंग ऑलराउंडर ने इससे पहले शंटो की अनुपस्थिति में चार वनडे मैचों में बांग्लादेश की कप्तानी की है। 105 वनडे मैचों में 1617 रन और 110 विकेट के साथ, मिराज वर्तमान में आईसीसी रैंकिंग में वनडे ऑलराउंडरों में चौथे स्थान पर हैं। वह मोहम्मद रफीक, मशरफे मुर्तजा और शाकिब अल हसन के साथ बांग्लादेशी क्रिकेटरों के एक विशेष समूह का भी हिस्सा हैं, जिन्होंने इस प्रारूप में 1000 रन और 100 विकेट पूरे किए हैं। इससे पहले, ऑलराउंडर को अगले महीने श्रीलंका में होने वाले अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के अपने पहले असाइनमेंट के लिए बांग्लादेश की टेस्ट टीम में उप-कप्तान के रूप में नामित किया गया था। बीसीबी क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष नजमुल अबेदीन ने उन्हें पुरस्कृत करने के निर्णय के पीछे ऑलराउंडर की निरंतरता की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, 'मिराज ने बल्ले और गेंद दोनों से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम में जुझारू भावना और संक्रामक ऊर्जा लेकर आए हैं। उनके प्रदर्शन, नेतृत्व के गुण और समग्र परिपक्वता उन्हें हमारी वनडे टीम का मार्गदर्शन करने के लिए एक उपयुक्त विकल्प बनाती है। अबेदीन ने कहा, 'हम शांतो द्वारा अपनी कप्तानी के दौरान दिखाई गई सकारात्मकता और चरित्र के लिए आभारी हैं। ह हमारे नेतृत्व समूह का एक अभिन्न अंग और बल्लेबाजी इकाई में एक प्रमुख व्यक्ति बने हुए हैं।

## नीदरलैंड ने हासिल किया वनडे इतिहास का तीसरा बड़ा रन चेज, ओ डोड ने खेली शानदार पारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डोड की नाबाद 158 रनों की पारी के दम पर नीदरलैंड्स ने आईसीसी विश्व कप लीग टू 2023-27 के मुकाबले में स्कॉटलैंड को चार विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्ज मुंसे के 191 रनों की पारी की मदद से 50 ओवर में छह विकेट पर 369 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए छह विकेट पर 374 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।



### बड़ी टीमों को पीछे छोड़ा

यह वनडे इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रन चेज है। वनडे में सबसे बड़ा रन चेज करने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के नाम है जिसने 2006 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ विकेट पर 438 रन बनाए थे। इस सूची में दूसरे स्थान पर भी दक्षिण अफ्रीका ही है। अब इस लिस्ट में नीदरलैंड का नाम भी जुड़ गया है और उसने भारत और इंग्लैंड जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है। स्कॉटलैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्कॉटलैंड के लिए मुंसे ने 150 गेंदों पर 14 चौकों और 11 छक्कों की मदद से 191 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान मैथ्यू क्रॉस ने 59 रन बनाए। स्कॉटलैंड ने इस तरह नीदरलैंड्स के सामने बड़ा लक्ष्य रखा। जवाब में नीदरलैंड के लिए ओ डोड 130 गेंदों पर 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 158 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह नीदरलैंड की इस प्रारूप में सबसे बड़ी जीत है। ओ डोड के अलावा तेजा निदामानुरु ने 51 और नोह क्रोएस 50 ने रनों का योगदान दिया। नीदरलैंड और स्कॉटलैंड ने मिलाकर इस मैच में कुल 743 रन बनाए।

## पोलैंड फुटबॉल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबाल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज ने स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवेंडोवस्की के साथ विवाद के कुछ दिनों बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। पोलैंड फुटबाल संघ द्वारा जारी बयान में प्रोबिएरज ने कहा, मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में सबसे अच्छा निर्णय मुख्य कोच के पद से मेरा इस्तीफा है।

प्रोबिएरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में फिनलैंड के खिलाफ विश्व कप क्वालिफायर की पूर्व संध्या पर बार्सिलोना के स्ट्राइकर लेवेंडोवस्की को टीम के कप्तान के पद से हटा दिया और उनकी जगह इंटर मिलान के मिडफील्डर पिओटर जिलिंस्की को नया कप्तान नियुक्त किया था। लेवेंडोवस्की को यह फैसला नागवार गुजरा और उन्होंने घोषणा की कि जब तक प्रोबिएरज मुख्य कोच बने रहेंगे

# मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने टी20 मुंबई लीग जीती

**मुंबई (एजेंसी)।** सिद्धेश लाड की अगुआई वाली मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने यहां प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए ग्रैंड फाइनल में श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली सोबो मुंबई फाल्कंस को 5 विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग 2025 का खिताब जीत लिया। इसी के साथ ही अय्यर का एक और टी20 लीग का खिताब जीतने का सपना टूट गया। इससे पहले अय्यर की कप्तानी में 11 साल बाद फाइनल में पहुंचने वाली आईपीएल टीम पंजाब किंग्स को खिताबी मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

भारत की पहली विश्व कप विजेता टीम कपिल देव और दिलीप वेंगसरकर तथा 2024 टी20 विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा की मौजूदगी वाले खचाखच भरे वानखेड़े स्टेडियम में सोबो मुंबई फाल्कंस ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए मयूरेश टंडेल (नाबाद 50) के धैर्यपूर्ण अर्धशतक तथा हर्ष अघव के नाबाद 45 रनों की बदौलत 157/4 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। जवाब में चिन्मय सुतार (53) ने तेज अर्धशतक के साथ एमएससी मराठा रॉयल्स की जीत की नींव रखी जिसमें साहिल जाधव (22), सचिन यादव (19) और विस्फोटक अवैस खान (38) का बहुमूल्य योगदान रहा।




कप्तान सिद्धेश लाड (15) और साहिल ने 32 रनों की तेज साझेदारी करके रॉयल्स को स्थिर शुरुआत दी। इसके बाद चिन्मय ने दो महत्वपूर्ण साझेदारियां कीं जिसमें सचिन यादव के साथ 41 रनों की साझेदारी और उसके बाद अवैस खान के साथ 63 रनों की साझेदारी शामिल थी। इससे रॉयल्स ने लक्ष्य का पीछा मजबूती से खेल को अपने नियंत्रण में कर लिया। हालांकि, 10 गेंदों पर केवल आठ रनों की आवश्यकता के साथ, बाएं हाथ के स्पिनर कार्तिक मिश्रा ने नाटकीय रूप से अंतिम ओवर में अवैस और चिन्मय दोनों को आउट करके फाल्कन्स को मुकाबले में वापस ला दिया।

अंतिम ओवर में सात रन की जरूरत थी। ऐसे समय में रोहन राजे ने अपना धैर्य बनाए रखते पहली गेंद पर चौका लगाया और चार गेंद शेष रहते जीत सुनिश्चित की जिससे रॉयल्स को तनावपूर्ण लेकिन अच्छी जीत मिली। इससे पहले पहले बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर आए फाल्कंस शुरुआती लय पाने में विफल रहे। दोनों सलामी बल्लेबाजों अंगक्रृश रघुवंशी (7) और ईशान मूलचंदानी (20) सिर्फ 33 रन पर विकेट गंवा बैठे। कप्तान श्रेयस अय्यर (12) और अमोघ भटकल (16) भी अपनी शुरुआत का फायदा उठाए बिना आउट हो गए।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

## 15 से 30 जून तक शिविरों के जरिए हितग्राहियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

### कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

**पन्ना।** भारत सरकार के निर्देशानुसार आदिवासी समुदाय को सशक्त बनाने के उद्देश्य से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान प्रारंभ किया गया है, जिसके तहत जनजातीय समुदायों के हितग्राहीवार सर्वांगीण विकास के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आगामी 15 से 30 जून तक जनजागरूकता गतिविधियों एवं शिविर के माध्यम से शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं के लाभ से लाभांवित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। पन्ना जिले के समस्त पांच विकासखण्ड के 82 ग्राम पंचायतों के 108 ग्राम अभियान में शामिल हैं। इन ग्रामों में निवासरत लोगों को निर्धारित तिथि में आयोजित शिविरों के जरिए लाभ प्रदान करना सुनिश्चित किया जाएगा।

कलेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि शिविर के जरिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन बैंक खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास, समग्र ई-केवायसी, 70 से अधिक उम्र के हितग्राहियों का आयुष्मान भारत कार्ड, वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन, मनरेगा के तहत रोजगार, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा, मातृत्व वंदना योजना, टीकाकरण तथा सिकल सेल रोग परीक्षण का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिला कलेक्टर ने प्राथमिकता के साथ योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को शिविर में लाभांवित करने के उद्देश्य से अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की है। साथ ही संबंधितजनों को शिविर तिथि में भारत सरकार की चिन्हांकित सभी योजनाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदान कर सेचुरेशन के निर्देश दिए हैं।



धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में पन्ना विकासखण्ड के 24 ग्राम क्रमशः कोनी, कटहरी बिलहटा, दरेरा, मनौर, हरसा, रानीपुर, पठा, खिरवा, रमखिरिया, लुहरहाई, कुदकपुर, गजना, शाहपुर, धनौजा, हाटूपुर, पुखरा, मठली, कल्याणपुर, मनकी, बड़ौर, गहदरा, कुड़ार, मकरीकुठार एवं राजापुर शामिल हैं। इसी तरह अजयगढ़ विकासखण्ड के 33 ग्राम क्रमशः मौहारी, सलैया, डुगरहो, बनहरीखुर्द, हनुमतपुर, रायपुर, पाठा, सिन्हाई, धवारी, बाराडंडेका, विश्रामगंज, भसूड़ा, मझगवां (कोडाई), बरियारपुर भूमियान, भापतपुर कुर्मियान, झिन्ना, बनहरीकला, देवरा भापतपुर, मझगांय, कुंवरपुर, बाराकगरेका, भानपुर, बरकोला खुर्द, बड़ी रूंझ, तरोनी, प्रतापपुर, भुजवई, भैरहा, जिगनी, मौकछ, नरदहा, तुलापुर एवं खोरा, गुनौर विकासखण्ड के 09 ग्राम क्रमशः छिजौरा, बिल्हा कंगाली, मड़ैयन कुलगवां, नचने, रामपुर, बरौंहा, महुआडाडा, बलगहा एवं रतनपुरा, पवई विकासखण्ड के 16 ग्राम क्रमशः कढ़ना, जूही, हड़ा, शिकारपुरा, खरमोरा, बिकौरा, बछौन, जूडा, घुटेही, बिरवाही, बिजदुहा खिलसारी, सकतरा, मोहली धरमपुरा, कल्दा, महुआ डोल एवं गुरजी शामिल हैं, जबकि शाहनगर विकासखण्ड के 26 ग्राम क्रमशः सलैया (फेरन सिंह), करौंदी, परासी, सुनपुरा, पगरी, रामपुर (खजुरी), पौसी, सतधारा, सिजहटी, मरहा, बिहरिया, जूड़ सिंह, मझगवां, जमड़ा, श्यामगिरि, पोंड़ी कला, टिकुल पोंड़ी, बारी, सोनमउ कला, बिलपुरा, डोहली, पटना, बीरमपुर, मुरता, डोभा बघनरवा एवं चुनगुना शामिल हैं।

अभियान अंतर्गत समस्त विकासखण्ड के चिन्हांकित ग्रामों के शिविर संबंधित ग्राम पंचायत भवन में लगाए जाएंगे। पन्ना विकासखण्ड में ग्राम पंचायत कटहरी बिलहटा, मनौर, बगौंहा, कृष्णाकल्याणपुर, रहुनिया, इटवाखास, रमखिरिया, लुहरहाई, बरहोंकुदकपुर, गजना, बृजपुर, बड़गड़ीखुर्द, जमुनहाई, सुनहरा, मनकी, बड़ौर, तालगांव, कुड़ार, मकरीकुठार एवं राजापुर में शिविर लगाया जाएगा। इस क्रम में अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गुमानगंज, सलैया, सब्दुआ, हनुमतपुर, पाठा, सिन्हाई, विश्रामगंज, भसूड़ा, बरियारपुर भूमियान, भापतपुर कुर्मियान, झिन्ना, बनहारीकला, देवराभापतपुर, मझगांय, कुंवरपुर, बाराकगरेका, बरकोला, बहादुरगंज, तरोनी, प्रतापपुर, भैरहा, जिगनी, देवलपुर, नरदहा, अमरछी एवं खोरा में शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत छिजौरा, कुलगवां, नचने, रामपुर, बरौंहा, बलगहा एवं द्वारी, पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कड़ना, हड़ा, शिकारपुरा, ढेसाई, मुरकुछ, बछौन, घुटेही, मोहली धरमपुरा एवं कल्दा तथा शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सलैया फेरनसिंह, परासी, हरदुआ मैमारी, रामपुर खजूरी, जुगरवारा, शाहपुर कलां, शाहपुर खुर्द, धौवापुरा, ताला, सर्रा, श्यामगिरी, पौड़ीकला, मैन्हा, बारी, बिलपुरा, डोहली, पटना, बीरमपुर, हरदुआ सारसबाहू तथा बिलपुरा में शिविर लगाया जाएगा।

## आउटरीच प्रोग्राम में पूर्व सैनिकों की समस्याओं का किया निराकरण



**पन्ना।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय छतरपुर एवं अभिलेख कार्यालय जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स के सहयोग से गुरूवार को पन्ना जिले के अमानगंज में पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निराकरण तथा दस्तावेजों में सुधार के लिए आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैप्टन राजेश कुमार, सूबेदार के.के. पंडित एवं हवलदार संदीप सहित जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर रामविशाल यादव, कल्याण संयोजक राकेश कुमार त्रिपाठी एवं लक्ष्वेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। अभिलेख कार्यालय द्वारा कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिकों सहित सैनिक विधवाओं की पेंशन, पीपीओ, नाम एवं जन्म तिथि सुधार इत्यादि की समस्याएं निराकृत की गई।

## वन स्टॉप सेंटर की मदद से मुस्कुराहट में बदले आंसू




**पन्ना।** वन स्टॉप सेंटर पन्ना विपत्तिग्रस्त महिलाओं की आवश्यक मदद एवं पुनर्वास के लिए निरंतर प्रयासरत है। सखी केन्द्र के माध्यम से महिलाओं को संबल मिलने के साथ ही भावी जीवन की सुखद राह भी सुनिश्चित होती है। विगत समय में सेंटर में उपस्थित हुई एक महिला गीता (परिवर्तित नाम) के जीवन में भी सखी केन्द्र की सहायता से बदलाव आया है। गीता ने वन स्टॉप सेंटर में अपनी आप बीती जाहिर करते हुए बताया कि उसका पति शराब बहुत पीता है एवं मारपीट व गाली गलौच भी करता है। गीता ने बताया कि उसकी दो बेटियां हैं। पति द्वारा पुत्र की चाह में बेटियों से भी मारपीट की जाती थी। साथ ही आवश्यक खर्चों के लिए भी परेशान होना पड़ता था। इस घटनाक्रम की जानकारी पर वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिला से आवश्यक चर्चा एवं पता प्राप्त कर उसके पति से संपर्क किया गया तथा वन स्टॉप सेंटर में बुलाकर दोनों की काउंसलिंग कर पति को परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत करने की समझाईश दी गई। इससे यह फर्क आया कि पति ने धीरे-धीरे शराब बंद कर दी और महिला अपने पति व दोनों बेटियों के साथ अब खुशी-खुशी रह रही है। विपत्तिग्रस्त महिला का छः माह तक फॉलोअप भी किया गया। पारिवारिक जीवन में खुशहाली आने और नई जिंदगी की शुरूआत पर गीता ने वन स्टॉप सेंटर को धन्यवाद दिया।

## बीएलओ ऑफ लाइन मोड में भी एप पर कर सकेंगे कार्य

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के परिपालन में वर्तमान में समस्त बीएलओ द्वारा बीएलओ एप केजरिए कार्य संपादित किया जा रहा है। इस एप में बीएलओ से संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध हैं। बीएलओ एप दो प्रकार के वर्जन क्रमशः इंटरनेट की परिधि में होने पर तथा इंटरनेट की परिधि से बाहर होने पर कार्य करता है। इस संबंध में अवगत कराया गया है कि एप पर सभी बीएलओ उक्त दोनों परिस्थितियों में कार्य संपादित कर सकते हैं। इंटरनेट न होने पर भी बीएलओ एप कार्य करता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को इस बावत समस्त बीएलओ से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## महिला ने छेड़खानी करने वालों पर कार्यवाही करने पुलिस अधीक्षक से न्याय की लगाई गुहार

**पन्ना।** जिले के सिमरिया थाना अंतर्गत मोहन्द्रा पुलिस चौकी मुख्यालय में रहने वाली महिला ज्योति प्रजापति ने पुलिस अधीक्षककेनाम आवेदन देते हुए लेख किया है किगत 8 जून को में घर पर अपनी छोटी बच्ची के साथ अकेली थी इस दौरान मोहल्ला में रहने वाले जयपाल सिंह तथा रोहित ने आवाज लगाकर दरवाजा खुलवाया मेरे द्वारा दरवाजा खोलने पर दोनों लोगों ने छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया तथा मेरे चिल्लाने पर मोहल्ला के अन्य लोग आ गए जिससे उक्त आरोपी भाग खड़े हुए तथा वह जान से मारने की धमकी देकर चले गए उक्त संबंध में मेरे द्वारा हंड्रेड डायल आआवाहन को फोन लगाया पुलिस का हंड्रेड डायल वाहन घर आया तथा मुझे वाहन में बैठ कर थाने ले गया पुलिस ने वहां पर घंटों बैठाया गया लेकिन कोई मामला दर्ज आरोपियों केखिलाफ नहीं किया आवेदक ने कार्यवाही करने की मांग की है।

## जिपं सीईओ ने समग्र ई-केवायसी सत्यापन कार्य में लापरवाही पर पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों केविरूद्ध की कार्यवाही

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में हितग्राहियों को आगामी दिवसों में पारदर्शी तरीकेसे शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने केलिए समग्र ई-केवायसी सत्यापन का कार्य संचालित है। इसकी शासन स्तर से निरंतर समीक्षा भी की जा रही है।

जिला पंचायत केमुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा इस संबंध में समस्त ग्राम पंचायतों को शत् प्रतिशत ई-केवायसी सत्यापन के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद कई ग्राम पंचायतों द्वारा इस कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। जिले की सबसे कम प्रगति की ग्राम पंचायत सुंगरहा, जनपद पंचायत गुनौर की सचिव सुमन अहिरवार एवं ग्राम पंचायत सिंघौरा जनपद पंचायत गुनौर के सचिव काशी प्रसाद यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

इस क्रम में जिले की न्यून प्रगति वाली ग्राम पंचायतों में जनपद पंचायत गुनौर की 15 ग्राम पंचायत विक्रमपुर, सिरी, सिठौली, जसवंतपुरा, पुरैना, द्वारी, बलगहा, बरशोभा, गंज, गौरा, बमुरहा, झरकुआ, बंधौरा, बिलघाड़ी, धरवारा, जनपद पंचायत पन्ना की 12 ग्राम पंचायत गजना, उमरी, धरमपुर, रमखिरिया, झरकुआ, सिरस्वाहा, सकरिया, लुहरहाई, जनवार, बड़ौर, बडगड़ीखुर्द, मकरी कुठार तथा जनपद पंचायत अजयगढ़ की एक ग्राम पंचायत राजापुर के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को अनुशासनात्मक कार्यवाही संबंधी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाकर स्पष्टीकरण सहित जिला पंचायत में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## अमदरा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक आरोपी को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया

**सतना।** अमदरा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक आरोपी को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक झुकेही चौकी प्रभारी संतोष सिंह उलाड़ी, अपनी टीम के साथ गुरुवार दोपहर को हाइवे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी बाइक क्रमांक एमपी 19 जेडडी 2018 पर मैहर की तरफ से एक युवक आया, जिसको रोककर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक स्प्रिंगनुमा चाकू बरामद हो गया, जिस पर आरोपी मोहम्मद यासीन पुत्र शब्बीर 24 वर्ष, निवासी सिहोरा, जिला जबलपुर को गिरफ्तार करते हुए आर्म्स एक्ट की धारा 25बी के तहत कायमी की गई। वहीं सिहोरा पुलिस से संपर्क कर आरोपी के आपराधिक रिकार्ड की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

## डीएलएड छात्र की हत्या में पुलिस को मिले सुराग

**सतना।** डीएलएड की परीक्षा देने आए बिहार के जिला मधेपुरा निवासी पवन कुमार पुत्र मानिकलाल सिंह 29 वर्ष की हत्या के मामले में कोलगवां पुलिस को कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिनके जरिए आरोपियों तक पहुंचने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। सूत्रों की मानें तो मर्डर में मृतक की पत्नी के पूर्व पति की भूमिका सामने आई है जो पहले भी युवक और उसके परिवार पर हमला कर चुका था। उसी ने मौका मिलते ही एक अन्य युवक को साथ लेकर वारदात को अंजाम दे दिया है।

मृतक पवन का फोन अब तक नहीं मिला है, जबकि गायब होने से पहले वह मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था। पुलिस ने स्कूल गेट से लेकर शहर से बाहर जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, जिसमें मृतक के साथ दो और युवक नजर आ रहे हैं, जिनकी पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए चार टीमों को अलग-अलग जगह भेजा गया है।

मृतक पवन कुमार का शव जिला अस्पताल की मरचुरी के डीप फ्रिजर में रखवाया गया है। उसके परिजन शुक्रवार की सुबह यहां पहुंचेंगे, तब उनकी मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। गौरतलब है कि पवन अपने दोस्त अभिषेक के साथ डीएलएड की परीक्षा देने 23 मई को सतना और धवारी में किराए पर कमरा लेकर रहने लगा था। 11 जून को आखिर पेपर था, जिसके लिए सुबह 7 बजे दोनों लोग एमएलबी स्कूल पहुंचे, मगर पवन गेट के अंदर नहीं गया और अचानक गायब हो गया। ढाई घंटे बाद ही उसकी लाश कोलगवां थाना क्षेत्र के खम्हरिया-पयसियान में नहर के पास पड़ी मिली। सिर के पीछे पत्थर पटककर उसकी हत्या की गई थी। वहीं जब लाश मिली तो दोनों पैर बंधे हुए थे।

## सीएमएचओ भी नहीं पढ़ पाए डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन

**सतना।** नागौद सीएचसी में पदस्थ डॉक्टर अमित सोनी का प्रिस्क्रिप्शन मंगलवार को फिर सोशल मीडिया में छाया रहा। प्रिस्क्रिप्शन में डॉक्टर की रायटिंग में दवा स्टोर के कर्मचारी तो दूर सीएमएचओ डॉ एलके तिवारी भी नहीं पढ़ पाए। सीएमएचओ ने बताया कि सख्त निर्देश हैं कि पर्चे में दवाओं की ऐसी लिखावट को कि दवा स्टोर के कर्मचारियों के साथ मरीज भी आसानी से समझ जाएं। इस तरह की लापरवाही मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन अनदेखी की श्रेणी में आती है। इस मामले की जांच कराएंगे। दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले भी संबंधित डॉक्टर का ऐसा ही प्रिस्क्रिप्शन वायरल हुआ था। सूत्रों ने बताया कि जिस तरीके से दवाइयां लिखी गई हैं, अस्पताल के बाहर एक मेडिकल स्टोर संचालक देखते ही समझ जाता है। वहीं दवा मिलती हैं। ज्ञात हो कि 10 जून को खैरा निवासी ललिता चौधरी पत्नी धर्मेन्द्र (30) वर्ष नागौद सीएचसी में इलाज कराने पहुंचीं थीं तब डॉक्टर ने उन्हें ये प्रिस्क्रिप्शन दिया था।

## एमपी-यूपी के बीच बिछेगी 520 किलोमीटर लंबी रेललाइन

**सतना।** मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बीच 520 किलोमीटर लंबी रेललाइन में हाई स्पीड ट्रैक बिछाया जाएगा। जिसका सर्वे कार्य शुरु कर दिया गया है। इस रेल लाइन को 9 हजार करोड़ से अधिक की लागत से पूरा किया जाएगा। नई रेल लाइन बनने के बाद ट्रेनों की स्पीड और बढ़ जाएगी। तीसरी लाइन के निर्माण में मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों को सीधा लाभ मिलेगा पश्चिम मध्य रेल प्रशासन ने फिजिबिलिटी सर्वे शुरू कर दिया है। सर्वे के पूरा होते ही अगली औपचारिकताएं शुरू की जाएंगी।

नई लाइन लगभग 520 किलोमीटर लंबी होगी। जिसपर 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ट्रेनें दौड़ेंगी। अभी इस ट्रैक पर 110 से 120 किमी की रफ्तार से ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इससे आने वाले समय में ट्रेनों की संख्या में इजाफा हो सकेगा। इस दौरान करीब 200 ओवरब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण भी किया जाएगा। परियोजना में कुल 9 हजार 275 करोड की राशि खर्च की जाएगी।

इस रूट से सीमेंट, कोयला, बॉक्साइट और अन्य खनिजों का परिवहन होता है। दोहरी लाइन होने के कारण कई बार पैसेंजर ट्रेनें प्रभावित हो जाती हैं। लाइन के तिहरीकरण से सीमेंट एवं अन्य माल परिवहन में तेजी आएगी। इससे औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। एक तरह से व्यापार और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को भी मजबूती मिलेगी। यह रेलमार्ग देश के अत्यधिक व्यस्त दिल्ली-मुंबई रेल कॉरिडोर से जुड़ा हुआ है, जहां ट्रेनों की अत्यधिक भीड़ के कारण अक्सर यात्री और मालगाडियां प्रभावित होती हैं। इस थर्ड लाइन के निर्माण से मौजूदा नेटवर्क पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। ट्रेन संचालन में सुधार आएगा।

रेलाइन इटारसी, पिपारिया, गाड़रवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, जबलपुर, कटनी, मैहर और सतना से गुजरेगी। जो कि मानिकपुर तक जाएगी। जबलपुर सीपीआरओ हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि रेल ट्रैक को लेकर सर्वे का काम शुरू किया जा रहा है। रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भेजी जाएगी। तीसरी लाइन बनने से ट्रेनों के फेरे बढ़ेंगे।

## वी मित्र एप पर विद्युत अनियमितता की शिकायत पर मिलेगा 50 हजार राशि तक का ईनाम

**पन्ना।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा मोबाइल एप्लीकेशन विद्युत मित्र विकसित किया गया है। यह एप कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट एवं गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। वी मित्र एप के माध्यम से आमजन अब स्वयं बिजली चोरी, मीटर में छेड़छाड़, अवैध विद्युत कनेक्शन, अवैध पावर एक्सटेंशन, एक ही स्थान पर एक से अधिक बिजली कनेक्शन, बिजली कनेक्शन का अवैध रूप से विस्तार और अधिक लोड का उपयोग करने वाले व्यक्तियों की शिकायत कर सकते हैं। इस एप में शिकायतों की लाइव मॉनीटिरिंग भी की जा सकती है। विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता अमितेश मिश्रा ने बताया कि वी मित्र एप जनता का ऑडिट, जनता के द्वारा, जनता के लिए सिद्धांत पर कार्य करता है। वी मित्र एप डाउनलोड कर शिकायत वाले बिजली उपभोक्ता का नंबर दर्ज करना होगा। इसके उपरांत अनियमितता के प्रकार का चयन कर व फोटो अपलोड कर रिपोर्ट सबमिट करना होगी। नंबर उपलब्ध नहीं होने पर एप स्वचलित रूप से उपयोगकर्ता के वर्तमान स्थान की लोकेशन कैप्चर करेगा। यहां भी फोटो अपलोड करना आवश्यक है। शिकायकर्ता की शिकायत पर कंपनी की सतर्कता जांच टीम संबंधित स्थल पर पहुंचकर जांच करेगी और शिकायत सही पाए जाने पर ईनाम की राशि सीधे शिकायतकर्ता द्वारा लिंक किए गए बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। यह राशि अधिकतम 50 हजार रूपए तक निर्धारित है। विद्युत अनियमितता की शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता की जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी।

# उच्च कीमतों वाली फसलों को प्रोत्साहित करें : कृषि उत्पादन आयुक्त

## किसानों को मूंगफली, उड़द और अरहर के उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराएं

**पन्ना।** कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल ने आज संभागीय मुख्यालय सागर में रबी 2025 की समीक्षा एवं खरीफ 2025 के कार्यक्रम निर्धारण के लिए आयोजित संभाग स्तरीय बैठक में कृषि आदानों की समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग में उच्च कीमतों वाली फसलों की खेती को प्रोत्साहित किया जाए और इसका रकबा भी बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि सागर संभाग में उद्यानिकी फसलों का रकबा कम है, इसे बढाने की आवश्यकता है। इसके लिए सागर संभाग के सभी कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कृषि विभाग के अधिकारी, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी निरंतर प्रयास करें।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि उच्च कीमत वाली फसलों और उद्यानिकी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित और जागरुक करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि वे इस दिशा में प्रयास करें। उन्होंने कहा कि नए जनरेशन के युवा किसानों को कृषि की नई सोच और तकनीक के प्रति भी जागरुक करें। युवा किसानों का कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग और उद्यानिकी विभाग के अधिकारी सतत रूप से मार्गदर्शन करें। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि सागर संभाग में किसानों को मूंगफली, उड़द और अरहर की खेती के लिए प्रोत्साहित करें। किसानों को इन फसलों की खेती करने के लिए तकनीकी मार्गदर्शन भी करें तथा किसानों को मूंगफली, उड़द और अरहर के उच्च गुणवत्ता के बीज भी समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अरहर की पूसा-16 किस्म को सागर संभाग में प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए।



कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि अरहर की पूसा-16 एक अच्छी किस्म है। यह अरहर की किस्म किसानों के खेतों तक पहुंचना चाहिए। कृषि उत्पादन आयुक्त ने सागर संभाग में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के निर्देश देते हुए कहा कि संभाग के किसानों को हैप्पी सीडर, रोटावेटर एवं अन्य कृषि यंत्रों के संबंध में जानकारी दिलाएं तथा खेती में इनके उपयोग को प्रोत्साहित करें। उन्होंने सागर संभाग में कृषि यंत्रों की कमी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कृषि कार्य में कृषि यंत्रों का उपयोग प्राथमिकता के साथ कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा सागर संभाग में कृषि यंत्रों की प्रगति नगण्य होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई तथा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी दो महीनों में कृषि यंत्रों का विक्रय लक्ष्य हासिल करें अन्यथा संबंधित अधिकारियों की दो-दो वेतनवृद्धियां रोकी जाएंगी। बैठक में आगामी खरीफ सीजन में किसानों को खाद और बीज वितरण की जिलेवार समीक्षा करते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि सागर संभाग के सभी जिलों में खाद और बीज का समुचित भण्डारण करना सुनिश्चित किया जाए। किसानों को खाद और बीज की कमी न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी खाद बीज वितरण केन्द्रों में किसानों के लिए स्वच्छ पेयजल, कुर्सियां, छायादार स्थान आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि खाद बीज वितरण केन्द्रों में किसानों को किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण प्रीति मैथिल ने कहा कि उद्यानिकी विभाग किसानों को सतत मार्गदर्शन कर रहा है तथा प्रदेश में उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, शनिवार 14 जून 2025



रीवा और मऊगंज जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षाजल को सहेजने के लिए जल संरक्षण के कार्य लगातार किए जा रहे हैं।



## फसल विविधीकरण व प्राकृतिक खेती के लिये किसानों को जागरूक करें : कलेक्टर

### कलेक्टर ने ए.पी.सी. बैठक की तैयारियों की समीक्षा की



**रीवा।** आगामी 18 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा ली जाने वाली संभागीय समीक्षा बैठक से पूर्व कलेक्टर ने तैयारी बैठक में कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि फसल विविधीकरण व प्राकृतिक खेती के लिये किसानों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जिले में दलहनी एवं तिलहनी फसल का रकबा बढ़ाने के लिये भी किसानों को प्रेरित किया जाय।

कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। किसानों को धान के उत्पादन से हटकर दलहन व तिलहन फसलों के उत्पादन के लिये प्रेरित करें। दलहन व तिलहन बीज किसानों तक पहुंचायें। कृषि के अतिरिक्त किसानों को उद्यानिकी एवं पशुपालन के साथ मत्स्यपालन की गतिविधियों से जोड़े ताकि कृषि लाभ का धंधा बन सके। उन्होंने बीज समितियों के लायसेंस प्राप्त होने तथा डबल लाक केन्द्रों के आधुनिकरण के तहत चोरहटा, जवा व मऊगंज में बनाये गये केन्द्रों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने पीओएस प्रविष्टि के आधार पर उर्वरक का आवंटन किये जाने तथा कालाबाजारी व अवैध भण्डारण का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने ई मंडी योजनान्तर्गत कृषकों को फसल विक्री की सुविधा व भुगतान की भी जानकारी प्राप्त की।

तैयारी बैठक में कलेक्टर ने उद्यानिकी फसलों के रकबे में वृद्धि किये जाने तथा बढ़े रकबे की गिरदावरी कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि योजनान्तर्गत किसानों का ई पंजीयन भी करायें। बैठक में पशु पालकों व मत्स्यपालकों के केसीसी बनाने तथा मत्स्य समितियों के बैंक खाते खोले जाने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने सहकारी बैंक की ऋण वसूली बढ़ाने तथा जमा राशि बढ़ाये जाने के निर्देश सहकारी बैंक के प्रतिनिधि को दिये। उन्होंने मंडी बोर्ड के अधिकारी को निर्देशित किया कि मंडियों के बैंक खाते सहकारी बैंक में ही रहें यह सुनिश्चित करें। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर आज करेंगे कृषि तथा उनसे जुड़े विभागों की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में 14 जून को दोपहर 3 बजे से आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद कृषि तथा उससे जुड़े विभागों के कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक में 18 जून को प्रस्तावित कृषि उत्पादन आयुक्त की समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की विभागवार समीक्षा की जाएगी। संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में दोपहर 3 से 4 बजे तक कृषि, सहकारिता, मण्डी बोर्ड, बीज निगम, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि अभियांत्रिकी तथा विपणन संघ की समीक्षा की जाएगी। शाम 4 से 4.30 बजे तक पशुपालन एवं डेयरी तथा शाम 4.30 बजे से 5 बजे तक उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण और शाम 5 से 5.30 तक मछलीपालन विभाग की समीक्षा की जाएगी।

## बीड़ी तथा खदान मजदूरों के बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति

### मजदूरों के बच्चों की छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**रीवा**

भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा पंजीकृत बीड़ी मजदूरों तथा खदान मजदूरों के बच्चों को शिक्षा सत्र 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया दो जून से प्रारंभ हो गई है। प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 31 अगस्त 2025 तक आवेदन ऑनलाइन दर्ज किए जा सकते हैं। दर्ज आवेदनों में से प्री मैट्रिक विद्यार्थियों के आवेदनों का सत्यापन 15 सितम्बर तथा पोस्ट मैट्रिक विद्यार्थियों के आवेदनों का सत्यापन 15 नवम्बर तक किया जाएगा। इन सभी आवेदन पत्रों के दूसरे चरण का सत्यापन के लिए प्री मैट्रिक आवेदनों में 30 सितम्बर एवं पोस्ट मैट्रिक आवेदनों में 30 नवम्बर की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

इस संबंध में उप कल्याण आयुक्त श्रम कल्याण संगठन जबलपुर ने बताया कि पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ देने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि से पहले नेशनल स्कालरशिप पोर्टल पर आवेदन दर्ज करना है। यदि कोई बीड़ी एवं खदान श्रमिक के बच्चे अल्पसंख्यक श्रेणी अथवा अन्य किसी विभाग से उच्चतम छात्रवृत्ति पाने की पात्रता रखते हैं तो वे उसी श्रेणी की छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करें। उन्हें केवल एक श्रेणी की ही छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा। छात्रवृत्ति के लिए पहली बार आवेदन करने पर पोर्टल में पंजीयन कराकर 14 अंकों का ओटीआर नम्बर प्राप्त करना होगा। इसे दर्ज करके पोर्टल में पंजीयन होगा। पंजीयन होने के बाद विद्यार्थी द्वारा दर्ज किए गए मोबाइल नम्बर पर ओटीआर नम्बर प्राप्त होगा। इसका मोबाइल फोन में आधार, फेसआरडी एप एवं एनएसपी ओटीआर एप को मोबाइल फोन में इंस्टाल करना होगा। इनके माध्यम से अथवा एमपी ऑनलाइन सेंटर तथा कामन सर्विस सेंटर से ई केवाईसी की प्रक्रिया कराने के बाद आवेदन पत्र दर्ज होगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद विद्यार्थी जिस शिक्षण संस्थान में पढ़ रहा है उसके द्वारा आवेदन का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के बाद विद्यार्थी को उसके द्वारा दर्ज बैंक खाता संख्या में छात्रृत्ति की राशि प्राप्त होगी।

## घर से निकलते समय धूप और लू से बचाव के उपाय करें : डॉ. शुक्ला

**रीवा**

जिले में एक सप्ताह से तेज धूप होने से सुबह 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं। जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौफ, पुदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है। अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें।

## रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी की बैठक 16 जून को

**रीवा।** जिला चिकित्सालय रीवा में गठित जिला रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी की बैठक 16 जून को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल करेंगी। सिविल सर्जन डॉ प्रतिभा मिश्रा ने समिति के सभी सदस्यों तथा संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 15 से 30 जून तक

**रीवा।** जिले में 15 से 30 जून तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अभियान के तहत जनजाति बहुल ग्रामों में शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य रक्षा, शिक्षा एवं स्वच्छ पेयजल के उपयोग के संबंध में जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान मौके पर ही आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना तथा जनधन योजना के आवेदन प्राप्त करके हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल सेल एनीमिया एवं अन्य रोगों के निश्शुल्क जाँच की भी व्यवस्था की जाएगी। अभियान के तहत शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, कृषि विभाग तथा राजस्व विभाग सहित सभी विभागों में समन्वय से हर पात्र हितग्राही को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, एसडीएम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को शिविरों का स्थान निर्धारित करके समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि सभी संबंधित अधिकारी शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में हर पात्र हितग्राही को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।

## छात्रावास अधीक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आज

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा जनजातीय कार्य विभाग के तहत संचालित छात्रावास की व्यवस्थाओं को बेहतर करने एवं रिक्त सीटों में शत-प्रतिशत भर्ती के निर्देश दिए गए हैं। इसके परिपालन में छात्रावास अधीक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण 14 जून को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग कमलेश्वर सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में ज्ञानोदय विद्यालय तथा कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य भी शामिल रहेंगे।

## संभागीय अधिकारियों ने जल संरक्षण कार्यों का लिया जायजा



**रीवा।** रीवा संभाग के सभी जिलों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण तथा संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की मानीटरिंग के लिए संभागीय अधिकारियों के दल तैनात किए गए हैं। इन दलों द्वारा लगातार जल संरक्षण कार्यों का जायजा लिया जा रहा है। दल के सदस्यों ने सतना जिले के जनपद पंचायत रामपुर बघेलान की ग्राम पंचायत छिबौरा में खेत तालाब निर्माण, कुएं में रिचार्ज पिट निर्माण तथा सोकपिट निर्माण का जायजा लिया। एक अन्य दल ने रीवा जिले के ग्राम रीठी और जिउला ग्रामों में जल गंगा संवर्धन अभियान में भागीदारी निभाई। दल के सदस्यों द्वारा इन गांवों में बनाए जा रहे चार खेत तालाबों तथा जल संरक्षण के अन्य कार्यों का जायजा लिया गया। इन दलों में अधीक्षण यंत्री ऊर्जा प्रमा पाण्डेय, महाप्रबंधक ग्रामीण विकास अभिकरण एसके मिश्रा, सहायक संचालक खनिज बसंतराम, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे। दल के सदस्यों ने सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**रीवा।** विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून के अवसर पर जिला चिकित्सालय में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर सुबह 10 बजे से आरंभ होकर शाम 4 बजे तक संचालित होगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रक्तदान शिविर में रक्तदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक रक्तदाताओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने शैक्षणिक संस्थाओं, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के छात्र-छात्राओं सहित अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वयंसेवी संगठनों को भी शिविर में रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान किया है।

## विश्वविद्यालय में एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन



**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के पर्यावरण जीवविज्ञान में "शिक्षा में आत्मिर्भरता" शीर्षक पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान माला का आयोजन विश्वविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया जी ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में श्री ओम शर्मा जी (क्षेत्रीय संयोजक एवं राष्ट्रीय संयोजक, आत्मनिर्भर भारत न्यास का प्रारूप, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास) रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अजय तिवारी, कुलाधिपति विवेकानन्द विश्वविद्यालय एवं डॉ. निलेश पाण्डेय प्रान्त संयोजक, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, महाकौशल प्रान्त रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से की गयी तदोपरांत विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार तिवारी द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवर्तन किया गया। तदोपरांत डॉ. अजय तिवारी जी ने अपने व्याख्यान में निरंतर अभ्यास नित नये ज्ञान को सीखने की महत्ता को समझाया। शिक्षा के साथ अभ्यास एवं स्वाबलंबन के गुण को अपनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि श्री ओम शर्मा जी ने नियमों का पालन, जीवन में अनुशासन एवं स्वयं के पैरों पर खड़े होकर स्वाभिमान से काम करने के लिये छात्रों को प्रेरित किया।

## वैध दस्तावेज दिखाकर वाहन मालिक ले जा सकते हैं अपने वाहन

**रीवा।** थाना सिविल लाइन में 39 लावारिस वाहन थाना परिसर में रखे हुए हैं। थाना प्रभारी ने इस संबंध में बताया है कि अज्ञात वाहनों को उनके मालिकों को सौंपने की कार्यवाही की जा रही है। सूची में शामिल वाहनों के मालिक 10 दिनों के अंदर वैध दस्तावेज दिखाकर थाना परिसर से वाहन प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित समय में यदि कोई भी व्यक्ति वैध दस्तावेज के साथ उपस्थित नही होता है तो इन वाहनों की नीलामी कर दी जायेगी। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना परिसर में मोटरसायकिल हीरो होंडा सीडी डीलक्स यूपी 64 क्यू 1612, हीरो एचएफ डीलक्स, बजाज डिस्कवर 100 सीसी, शफारी लूमां, बजाज 4एस चैम्पियन, सुजकी मैक्स 100, बजाज डिस्कवर, हीरो एचएफ डीलक्स, हीरो होंडा स्पलेंडर, बजाज काबाशाकी, टीव्हीएस मैक्स 100, स्कूटी यमहा सफेद, यमहा आरएक्स 100, स्कूटी एक्टिवा होंडा, सुजकी 150 सीसी, सुजकी मैक्स 100, होंडा सीडी 100, स्कूटी एक्टिवा, स्कूटी हीरो मैस्ट्रो, बजाज चेतक स्कूटर एमपी 17 एफ 0840, सुजकी एक्ससे स्कूटी एमपी 17 एस 5368, सुजकी मैक्स एमपी 17 एचआर 2046, टीव्हीएस अपाची लाल 160 सीसी, हीरो होंडा स्पलेंडर, कनैटिक, सुजकी मैक्स 100 यूपी 1763 बी 3587, होंडा एक्टीवा, हीरो होंडा सीडी 100, बजाज डिस्कवर, यमहा एबेंजर एमएच 06 एक्स 4676, टीव्हीएस स्कूटी पप, स्कूटर बजाज सुपर, कनैटिक बजाज स्कूटर एमपी 17 ई 1069, हीरो होंडा 100, टीव्हीएस लूना, बजाज स्कूटर, हीरो होंडा स्पलेंडर, राजदूत पुरानी, राजदूत पुरानी बिना नंबर की थाने में मौजूद हैं जिन्हें वाहन मालिक वैध दस्तावेज दिखाकर प्राप्त कर सकते हैं।

## पेंटियम पॉइंट कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के छात्रों ने परीक्षा परिणाम में अर्जित की सफलता,90 प्रतिशत से अधिक अंको से पास हुए छात्र




**रीवा।** राजीव गांधी तकनीकी विश्वविद्यालय,भोपाल द्वारा घोषित बी.फार्मा प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में पेंटियम पॉइंट कॉलेज ऑफ फार्मेसी रीवा के छात्रों ने प्रदेश मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। इस बार रोहिणी जयसवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9.03 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अमन शुक्ला,अनुभव त्रिपाठी,अर्पित तिवारी, नैंसी सेन,पुष्पराज पटेल ने 8.76 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और ऋषभ वर्मा,संदीप साहू सिमरन शुक्ला ने 8.62 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान,रिया मिश्रा,सुप्रिया शुक्ला, रूचि सिंह ने 8.48 के साथ चौथा स्थान,कंचन कुशवाहा ने 8.38 के साथ पांचवा स्थान हासिल किया। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज की आधुनिक एवं व्यावहारिक शिक्षा प्रणाली,नियमित अभ्यास,और समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।उन्होंने बताया कि उन्हें निरंतर प्रयोगात्मक और लिखित परीक्षाओं का अभ्यास कराया गया,जिससे लक्ष्य की प्राप्ति सरल और सुलभ हो गई।इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध निदेशक बी एन त्रिपाठी ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा, स्नातक की पढ़ाई हर छात्र के जीवन में एक स्वर्णिम अवसर होती है। यदि समय का सही उपयोग करते हुए अनुशासन और निरंतर अभ्यास को अपनाया जाए, तो सफलता सुनिश्चित है। यह केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं,बल्कि जीवन के कौशल विकसित करने का मार्ग भी है। महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध निदेशक ने आगे बताया कि कॉलेज में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित रूप से विविध प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं,जिससे उनका आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता भी विकसित होती है। उन्होंने यह भी कहा,सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता क्योंकि यह निरंतर परिश्रम, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास,और शिक्षक-छात्र के बीच सहयोग का प्रतिफल है।मैं सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करता हूँ,जिन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने में कोई कसर नहीं छोड़ी।महाविद्यालय के शैक्षणिक संचालक एस के त्रिपाठी ने छात्रों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।इस परिणाम को सफल बनाने मे विपिन सेन,डॉ0 विकास पाण्डेय,डॉ0 प्रतीक्षा पटेल,माधवी राज नामदेव,अजय पाण्डेय,अजीत कुमार सोधिया,नेहा सिंह आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में लगातार हो रहे जल संरक्षण के कार्य

**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षाजल को सहेजने के लिए जल संरक्षण के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मढ़ी में रामायण त्रिपाठी द्वारा खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। इसी गांव में चेकडैम निर्माण का सहायक यंत्री तथा उपयंत्री ने निरीक्षण किया। अभियान के तहत धीरेन्द्र पटेल द्वारा खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। मढ़ी में ही सहायक यंत्री तथा उपयंत्री ने चंदेरहा तालाब के गहरीकरण और मेड़ सुधार के कार्य का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत पलिया 351 में अभियान के तहत सतीश तिवारी तथा बीएस तिवारी द्वारा खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। ग्राम देवगांव में दयाभाई पटेल भी जल संरक्षण के लिए खेत तालाब का निर्माण कर रहे हैं।

मऊगंज जिले की ग्राम पंचायत सरई सेंगर में पंचायत द्वारा दो ट्यूबवेलों में रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। सहायक यंत्री तथा उपयंत्री ने निर्माण कार्य का मौके पर निरीक्षण किया। सहायक यंत्री अंकिता सोहगौरा ने रिचार्ज पिट के संबंध में तकनीकी जानकारी दी। अभियान के तहत पीएचई विभाग द्वारा नलजल योजनाओं की पाइपलाइनों में सुधार का कार्य किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री संजय पाण्डेय ने विभागीय अमले तथा ग्राम पंचायत के सहयोग से ग्राम पंचायत टीकर में पाइपलाइन में सुधार करके पानी की आपूर्ति शुरू कराई।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833